


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रायपुर, शनिवार 25 मई 2024

haribhoomi.com

*केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर से 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'*

# आज पीएम मोदी में 20 साल के युवा जैसी ऊर्जा, वे 18-19 घंटे काम करते हैं, ऐसा देश में 'एक' भी हो तो बता दीजिए ?

### ये भी बोले ठाकुर?

- जहां तक विपक्ष की बात है तो उनके पास न नेता है और न ही नीति है और नीयत भी ठीक नहीं है
- जहां तक संघ परिवार का सवाल है तो वो हमारी विचारधारा है। हमें मार्गदर्शन मिलता है। आपको हमेशा मार्गदर्शन की जरूरत होती और आगे भी रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

खास खबर

आज के 'चुनावी संवाद' में हम एक ऐसे शख्स से संवाद करने जा रहे हैं जो खुद भी चुनाव लड़ रहे हैं और भाजपा के प्रत्याशियों को जिताने के लिए उनके प्रचार प्रसार में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वे रात-दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी काम और उनकी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पसीना बहा रहे हैं। हम उस चेहरे की बात कर रहे हैं जो ऊर्जावान है और पीएम मोदी के मंत्रिमंडल में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का बेहतर तरीके से दायित्व संभाल रहे हैं। ये हैं अनुराग सिंह ठाकुर। ठाकुर का कहना है कि आज पीएम मोदी में 20 साल के युवा जैसी ऊर्जा है। वे 18-19 घंटे काम करते हैं। ऐसा देश में 'एक' भी हो तो बता दीजिए? जहां तक संघ परिवार का सवाल है तो वो हमारी विचारधारा है। हमें मार्गदर्शन मिलता है। आपको हमेशा मार्गदर्शन की जरूरत होती और आगे भी रहेगी। ठाकुर 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से 'चुनावी संवाद' कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।



- ***2014 के और 2024 के चुनाव में आप क्या अंतर देख रहे हैं?***
- पहले लोग कांग्रेस के भ्रष्टाचार से परेशान थे जिसके कारण उन्होंने उस भ्रष्टाचार के खिलाफ वोट किया था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी काम और नीतियों से उत्साहित होकर मतदाता भाजपा के पक्ष में वोट कर रहा है। आज वोटर को लगता है कि दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है, भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने जा रहा है। 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। लोगों को उम्मीद है कि भारत को कोई विकसित बना सकता है तो वो केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। लोगों की उम्मीद पर पीएम मोदी खरे उतरे हैं इसलिए लोगों का उन पर और अधिक भरोसा बढ़ा है।
- ***क्या वजह है कि अपनी उपलब्धियों से ज्यादा विपक्ष पर निशाना साधा जा रहा है। क्या इसे विपक्ष की आहट मान सकते हैं?***
- देखिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आम जनता के साथ बहुत ही बेहतर कम्यूनिकेशन है। देश के कुछ आंकड़ों को देखें तो ▶▶ शेष पेज 4 पर

## ऑपरेशन जलशक्ति: रेकावाया के जंगल में 72 घंटे चली मुठभेड़

# 72 घंटे चली मुठभेड़, शव लेकर लौट रही फोर्स पर फिर हमला, आठवां नक्सली मारा गया

*तीन जिलों के सरहदी इलाके में 72 घंटे चली मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने 4 महिला समेत 8 नक्सलियों को ढेर कर दिया। आठवें नक्सली को सुरक्षाबलों ने तब मार गिराया, जब वे शव लेकर इन्द्रावती नदी पार कर रहे थे। उसी समय नक्सलियों की ओर से पुनः फायरिंग की गई, जिसमें जवानों ने आठवें नक्सली को मार गिराया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप


दंतेवाड़ा-बीजापुर व नारायणपुर के सीमावर्ती इलाका हांदावाड़ा रेकावाया के बीच स्थित घने जंगलों व पहाड़ियों के बीच पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 8 माओवादी को ढेर कर दिया। शीर्ष नक्सलियों की मौजूदगी की खुफिया इनपुट के बाद नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन जलशक्ति चलाया गया। आपरेशन जलशक्ति के लिए दंतेवाड़ा, नारायणपुर व बस्तर जिले की डीआरजी के अलावा बस्तर फाइटर व एसटीएफ की संयुक्त टीम को रवाना किया गया था। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से सुरक्षाबलों ने 8 वर्दीधारी माओवादियों के ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ऑपरेशन जलशक्तिः भारी मात्रा में विस्फोटक व हथियार बरामद









### मारे गए 4 महिला, 4 पुरुष नक्सलियों के शव की नहीं हुई शिनाख्त

मुठभेड़ के बाद कार्डन एवं सर्च की कार्यवाही के दौरान घटनास्थल से 8 वर्दीधारी माओवादियों, जिसमें 4 महिला व 4 पुरुष माओवादी शामिल है, के शव बरामद किए गए। जिनकी अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव के साथ ही एक नग 303, 1 नग 315 बंदूक, 2 नग 12 बोर, 4 एसबीएमएल, 7 बीजीएल सेल, तीर बम, 2 कूकर आईईडी, वायरलेस सेट, बैटरी, माओवादी वर्दी, वायर, प्रतिबंधित माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री, पिट्ठू, कई जोड़ी चप्पल, सिलाई मशीन व अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया। इसके अलावा भारी मात्रा में डंप का सामान मौके पर सुरक्षा बल द्वारा नष्ट किया गया। इस मुठभेड़ में कई माओवादी घायल भी हुए हैं, जिन्हे उनके साथी माओवादी घने जंगल और पहाड़ों का फायदा उठाकर ले जाने में सफल हुए।

# 11 साल पहले हुए हमले के निशां मिट गए, पर दर्द बाकी, इलाका अब शांत, पर दिलों में तूफान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

झीरम की आज बरसी

25 मई 2013 की शाम को दरभा ब्लाक के झीरम में नक्सलियों ने जिस तरह खूनी खेल को अंजाम दिया, उसने देश-प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में नक्सल आतंक की इस घटना को चर्चित कर दिया। इस घटना में बस्तर टाइगर महेन्द्र कर्मा, पूर्व गृहमंत्री नंदकुमार पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल समेत कांग्रेस के कई कद्दावर नेता मारे गए। नक्सलियों का यह खूनी खेल संभाग मुख्यालय के समीप घटित हुआ जो बस्तर के इतिहास में काला अध्याय साबित हुआ। उस समय प्रदेश में भाजपा की सरकार थी और ▶▶ शेष पेज 4 पर

### उम्मीद अब भी ...

झीरम घटना में 25 मई 2013 को बस्तर के सबसे कद्दावर नेता महेन्द्र कर्मा सहित छत्तीसगढ़ के कई दिग्गज नेताओं ने जान गंवाई थी। जिन परिवार ने अपनों को खोया है उन्हें आज भी इस बात का मलाल है कि 11 साल में असली गुनाहगार पकड़ से बाहर हैं। एनआईए और एसआईटी जांच के अलावा स्थानीय पुलिस की जांच में भी क्या कुछ हुआ, इससे लोग अनभिज्ञ हैं। कुल मिलाकर झीरम कांड ▶▶ शेष पेज 4 पर

### नहीं के बराबर नक्सली मूवमेंट



पिछले दो साल से झीरम इलाके में नक्सली मूवमेंट नहीं के बराबर है। कैंप खुलने और लगातार इस इलाके में फोर्स के सक्रिय रहने से नक्सली घटनाओं में कमी आई है। नक्सल प्रभावित गांव में विकास पहुंचा है इसलिए क्षेत्र में शांति का माहौल है। राष्ट्रीय राजमार्ग समेत दरभा ब्लाक के सभी नक्सल प्रभावित गांव में किसी तरह की नक्सलियों के मूवमेंट की जानकारी नहीं है। - **शलभ सिन्हा**, एसपी बस्तर


## खबर संक्षेप

### राममंदिर दर्शन के लिए पहुंचे नगालैंड के राज्यपाल



**कोहिमा।** नगालैंड के राज्यपाल एल गणेशन ने शुक्रवार को अयोध्या में राम मंदिर में रामलला के दर्शन किए। गणेशन ने अयोध्या पहुंचने पर पत्रकारों से कहा, ''मैं कई साल पहले अयोध्या आया था... मंदिर निर्माण के बाद मैंने आने की कोशिश की थी, लेकिन तब नहीं आ सका।''

### पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन 100 से अधिक की मौत



**मेलबर्न।** पापुआ न्यू गिनी के एक दूरदराज के इलाके में शुक्रवार को हुए भूस्खलन में 100 से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका है। घटना कथित तौर पर दक्षिण प्रशांत द्वीपीय देश की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से लगभग 600 किलोमीटर दूर उत्तर-पश्चिम में एंगा प्रांत के काओकलाम गांव में घटी।

### पुणे विस्फोट में मृतक हुए नौ मालिकों पर मामला दर्ज




**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रसायन फैक्टरी में हुए विस्फोट के मामले में दुर्घटनास्थल से एक और शव मिला है जिसके बाद मृतक संख्या बढ़कर नौ हो गई है। पुलिस ने डोंबिवली एमआईडीसी के फेज दो में स्थित 'अमुदान केमिकल्स' के मालिकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है।

#### 19 मौतों पर हाईकोर्ट ने कहा

# रोज हो रहे हादसे, क्राइम बढ़ा कंट्रोल करने वाला कोई नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

कवर्धा में सड़क हादसे में 19 मौतों को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा ने जनहित याचिका माना है। डिवीजन बेंच ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए राज्य शासन और राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क परिवहन सहित सभी पक्षकारों से शपथ पत्र के साथ जवाब मांगा है। साथ ही कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने सड़क सुरक्षा को लेकर दिशा निर्देश जारी किए हैं, उस पर अब तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाए। सड़क हादसा रोकने के उपायों पर कितना अमल हुआ है इसकी भी रिपोर्ट मांगी गई है। हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए कहा है कि क्या ▶▶ शेष पेज 4 पर

- राज्य सरकार एनएचएआई और कलेक्टर से मांगा शपथ-पत्र
- सड़क हादसा रोकने के उपायों पर कितना अमल हुआ इसकी रिपोर्ट मांगी

### क्राइम बढ़ा है ट्रैफिक और पर्यावरण बदहाल

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कड़े तेवर दिखाते हुए कहा कि रोज दुर्घटनाएं हो रहीं हैं लेकिन कोई ध्यान नहीं देने वाला है। स्पीड लिमिट पर किसी का ध्यान नहीं है। नेशनल हाइवे में भी हैवी ट्रैफिक है तो सड़कें उखड़ीं हुईं हैं। बस टोल प्लाजा पर 1003 लिखकर अपनी ड्यूटी निभा दी जा रही है। बिलासपुर में क्राइम बढ़ा है, ट्रैफिक बदहाल है। पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है लेकिन कंट्रोल करने वाला कोई नहीं है।

### हर जिले में एक जैसी सड़क सुरक्षा समिति जरूरी

हाईकोर्ट ने कहा है कि सड़क हादसों और इनके बचाव को लेकर सख्त कदम उठाए जाने के लिए देश के हर जिले में एक जैसी सड़क सुरक्षा समिति होना जरूरी है, जो न सिर्फ सड़क हादसों की समीक्षा करेगी, बल्कि उन्हें रोकने के लिए भी कदम उठाएगी और इनसे राज्य और केंद्र को अवगत करवाएगी। इसके साथ ही हादसों ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सड़क परिवहन मंत्रालय को भेजनी है रिपोर्ट

सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक, जिला परिवहन अधिकारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ ही लोक निर्माण विभाग और राजमार्ग मंत्रालय के प्रतिनिधि सदस्य होंगे। शहरी सीमाओं के लिए नगर पालिका के कार्यकारी अधिकारी भी समिति में शामिल रहेंगे। समिति में एनजीओ के सदस्यों को भी शामिल किया जाएगा। आदेश के अनुसार कलेक्टर को हर 15 दिन में समिति की ऑनलाइन मीटिंग लेनी होगी।

#### आईपीएल : कल शाम 7.30 बजे होगी जंग

# हैदराबाद-कोलकाता के बीच होगा महामुकाबला

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



सनराइजर्स हैदराबाद की टीम राजस्थान रॉयल्स को हराकर आईपीएल 2024 सीजन के फाइनल में पहुंच गई है। हैदराबाद का खिताबी महामुकाबला रविवार को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम पर कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। केकेआर ने हैदराबाद को क्वालीफायर-1 मैच में हराया था और एक बार फिर दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। हैदराबाद 6 साल बाद इस लीग के फाइनल में पहुंची है। इससे पहले टीम 2018 में फाइनल तक पहुंची थी। इस सीजन के फाइनल में हैदराबाद का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से 26 मई को होगा। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। हैदराबाद ने 20 ओवर में 9 विकेट 175 रन बनाए। जवाब में राजस्थान 20 ओवर में 7 विकेट पर 139 रन ही बना सकी।

# पूर्व आईएएस रानू साहू के भाई को ईओडब्ल्यू ने हिरासत में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/ पांडुका

*एक दिन पूर्व जांच एजेंसी ने रानू तथा सौम्या को पूछताछ करने रिमांड पर लिया है*



माइनिंग घोटाला के आरोप में जेल में बंद तथा वर्तमान में ईओडब्लू के हिरासत में लिए गए पूर्व आईएएस रानू साहू के भाई पीयूष साहू को जांच एजेंसी ने पूछताछ करने हिरासत में ले लिया है। इसकी वजह यह बताई जा रही है कि रानू साहू द्वारा अपनी मां, पिता तथा भाई के नाम से पूर्व में जमीन खरीदी करना बताया गया है। इस संबंध में जांच एजेंसी रानू साहू के भाई से पूछताछ करेगी। सूत्रों के मुताबिक ईओडब्ल्यू ने शुक्रवार को रानू साहू के घर में दबिश देकर पीयूष को हिरासत में लिया। गौरतलब है कि साढ़े पांच सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की माइनिंग घोटाला मामले में ईडी के प्रतिवेदन पर ईओडब्ल्यू तीन दर्जन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जांच एजेंसी ने रानू साहू के अलावा घोटाले में शामिल राज्य प्रशासनिक सेवा की पूर्व अफसर सौम्या चौरसिया ▶▶ शेष पेज 4 पर

### जांच एजेंसी को देख भागने की कोशिश

सूत्रों के मुताबिक ईओडब्ल्यू की टीम रानू के भाई को गिरफ्तार करने पहुंची, तब पूर्व आईएएस अफसर के भाई पीयूष ने जांच टीम को देख उन्हें चकमा देकर भागने की कोशिश की। पीयूष को भागते देख ईओडब्ल्यू की टीम ने उसे घेराबंदी कर हिरासत में लिया। पूछताछ के आधार पर ईओडब्ल्यू की टीम पीयूष को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर आगे की पूछताछ करने रिमांड पर ले सकती है।

## चारधाम यात्रा 10 मई से हुई शुरू, अभी तक 9.61 लाख यात्री कर चुके हैं दर्शन

# ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन जून तक फुल, ऑफलाइन पंजीकरण 31 तक रद्द

एजेंसी ▶▶ देहरादून

प्रदेश सरकार ने यात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया है। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए प्रतिदिन के हिसाब से संख्या निर्धारित है, जिसमें बदरीनाथ धाम में 20 हजार, केदारनाथ के लिए 18 हजार हजार, गंगोत्री के लिए 11 हजार और यमुनोत्री के लिए नौ हजार संख्या तय है। इसके आधार पर जून माह में यात्रा के लिए पंजीकरण उपलब्ध नहीं है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को एडवाइजरी भेजी। इसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि अगर किसी भी राज्य के तीर्थ यात्री बिना पंजीकरण आते हैं तो उन्हें चेकिंग के बाद रोक दिया जाएगा। इसी कड़ी में बुधवार को 4 हजार ▶▶ शेष पेज 4 पर

### स्थिति सामान्य तो 1 जून से ऑफलाइन पंजीकरण

चारों धामों में स्थिति सामान्य होने पर एक जून से ऑफलाइन पंजीकरण खुल सकते हैं। चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण का आंकड़ा 31.55 लाख पार कर चुका है। पहले दिन ही केदारनाथ, गंगोत्री यमुनोत्री धाम में दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों की भारी उमड़ी, जिससे व्यवस्थाएं भी पटरी से उतर गईं।



### जिस तिथि का पंजीकरण उसी दिन आएं

मुख्य सचिव रतूड़ी ने ये भी अनुरोध किया है कि जो भी चारधाम यात्रा पर आना चाहते हैं, वह पंजीकरण में जो तिथि मिली है, उसी पर आएं। उन्होंने सभी टूर ऑपरेटरों व ट्रैवल एजेंटों को भी यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि वह यात्रा शुरू करने से पहले पंजीकरण जांच लें। ताकि उन्हें बाद में परेशानी न हो। उन्होंने राज्यों से अनुरोध किया है कि वे सभी तीर्थ यात्रियों को इसके प्रति जागरूक करें।

### 12 हजार यात्रियों को रोका था

ऑनलाइन पंजीकरण बंद होने पर ऋषिकेश में रोके गए करीब 12 हजार तीर्थ यात्रियों को दर्शन करवाने के लिए प्रशासन के स्तर पर अस्थाई पंजीकरण की व्यवस्था की गई थी। तीर्थयात्री इस उम्मीद के साथ ऋषिकेश रुके हुए थे कि अब वह दर्शन कर सकेंगे। हालांकि अचानक यह व्यवस्था भी बंद कर दी गई, जिस कारण तीर्थ यात्रियों को बिना दर्शन किए ही घर लौटना पड़ा।

### बिना पंजीकरण यात्रियों को लौटाया

बिना पंजीकरण चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को लौटा दिया गया। वहीं मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि बिना रजिस्ट्रेशन के आने वाले यात्रियों को लौटा दिया जाएगा। उन्होंनें बिना पंजीयन चारधाम यात्रा न करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए उमड़ी भारी भीड़ की वजह से सरकार को व्यवस्थाएं बनाने में मुश्किलें हो रही हैं। अब तक चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण का आंकड़ा 31 लाख पार हो चुका है।



हरिभूमि रण भूमि लोकसभा
सत्ता संग्राम-2024



# नेहरू तीन बार बने थे सांसद, लेकिन 1989 से अब तक नहीं जीत सकी कांग्रेस

## उत्तर प्रदेश में फूलपुर लोकसभा सीट का रहा है दिलचस्प इतिहास

*नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश में फूलपुर लोकसभा सीट से भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू तीन बार लोकसभा का चुनाव जीते थे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और राजनेता विजयलक्ष्मी पंडित भी यहां से दो बार कांग्रेस के टिकट पर संसद पहुंचने में कामयाब रहीं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि 1952 से लेकर 1967 तक जिस सीट पर कांग्रेस कभी भी चुनाव नहीं हारी थी, वहां 1989 से लेकर आज तक वह चुनाव नहीं जीत सकी है।*

### 2014 में पहली बार जीती थी बीजेपी

2014 के लोकसभा चुनाव में जब केशव प्रसाद मौर्य जीते थे तो यह पहला मौका था जब बीजेपी को फूलपुर में जीत मिली थी लेकिन 2017 में जब उत्तर प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनी तो केशव प्रसाद मौर्य राज्य सरकार में उपमुख्यमंत्री बन गए। तब इस सीट पर हुए उपचुनाव में सपा ने बीजेपी को हराया था। लेकिन 2019 में बीजेपी ने फिर सीट पर कब्जा कर लिया।

### कौन-कौन हैं उम्मीदवार?

*2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से बीजेपी की उम्मीदवार केसरी देवी पटेल ने सपा की उम्मीदवार पंधारी यादव को 1.70 लाख से ज्यादा वोटों से हराया था। इस बार बीजेपी ने केसरी देवी पटेल का टिकट काटकर फूलपुर से विधायक प्रवीण पटेल को दिया है। प्रवीण पटेल के पिता महेंद्र प्रताप पटेल भी कई बार विधायक रहे थे। उनके पिता झूंसी विधानसभा क्षेत्र से 1984, 1989 और 1991 में कांग्रेस के टिकट पर विधायक का चुनाव जीते थे। प्रवीण पटेल बसपा के टिकट पर फूलपुर से 2007 में विधायक बने थे। बाद में वह बीजेपी के टिकट पर 2017 और 2022 का विधानसभा चुनाव जीते थे। सपा ने उत्तर प्रदेश में पार्टी के सचिव अमरनाथ मौर्या को फूलपुर से टिकट दिया है। अमरनाथ मौर्या लंबे समय तक बसपा में थे और उसके बाद वह बीजेपी में भी रहे थे। बसपा ने यहां से वरिष्ठ नेता जगन्नाथ पाल को उतारा है। जगन्नाथ पाल बसपा में कई पदों पर रह चुके हैं। एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के साथ गठबंधन करने वाली पल्लवी पटेल ने यहां से महिमा पटेल को टिकट दिया है।*



### पटेल उम्मीदवारों का दबदबा

1977 में कमल बहुगुणा के चुनाव जीतने के बाद से यहां पर पिछड़ी जाति के उम्मीदवारों का ही दबदबा रहा है। 1977 के बाद 2004 में अतीक अहमद और 2009 में कपिल मुनि करवरिया के अलावा यहां से पिछड़ी जाति के उम्मीदवारों को ही जीत मिली है। इसमें से भी आठ बार पटेल समुदाय के उम्मीदवार चुनाव जीते हैं।

### सपा का भी गढ़ रही फूलपुर सीट

1996 से लेकर 2004 तक यहां लगातार समाजवादी पार्टी को जीत मिली। समाजवादी पार्टी की जीत का क्रम 2009 में बसपा के उम्मीदवार कपिल मुनि करवरिया ने तोड़ा था। 2009 में करवरिया ने सपा के उम्मीदवार श्यामा चरण गुप्ता को 15000 वोटों के मामूली अंतर से हराया था।

### कांशीराम भी लड़े चुनाव लेकिन मिली हार

बसपा की बुनियाद रखने वाले कांशीराम ने भी फूलपुर लोकसभा सीट से 1996 में बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था लेकिन वह दूसरे स्थान पर रहे थे। 2009 में बसपा ने यहां से चुनाव जीता लेकिन 2014 के चुनाव में वह तीसरे नंबर पर चली गई।

### फूलपुर का जातीय समीकरण

फूलपुर लोकसभा क्षेत्र के जातीय समीकरणों को देखें तो राजनीतिक दलों से मिले आंकड़ों के मुताबिक, यहां कुल मतदाताओं की संख्या 20 लाख के आसपास है। इनमें 3 लाख से ज्यादा कुर्मी मतदाता हैं। मुस्लिम और दलित समुदाय के मतदाता 2.5-2.5 लाख हैं। यादव मतदाताओं की संख्या 2 लाख है। इसके अलावा ब्राह्मण और कायस्थ जाति के मतदाताओं की संख्या भी 2-2 लाख के आसपास है। फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को चार सीटों पर जीत मिली थी जबकि एक सीट सपा के खाते में गई थी। इन सीटों के नाम फाफामऊ, सोरांव (एससी), फूलपुर, इलाहाबाद पश्चिम और इलाहाबाद उत्तर हैं।

## सोशल मीडिया

### क्या चुनाव लड़ने योग्य हैं नरेंद्र मोदी : थरूर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'परमात्मा द्वारा भेजे जाने' वाली टिप्पणी को लेकर एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को चुनाव आयोग से सवाल किया, "क्या कोई दैवी प्राणी भारत में नागरिकता के लिए पात्र हो सकता है और अगर नहीं तो क्या उसे वोट देने या चुनाव लड़ने का अधिकार है? क्या चुनाव आयोग इलेक्शन में भाग लेने वाले स्वघोषित देवता पर गौर करेगा? दरअसल, एक इंटरव्यू में, मोदी ने कहा था, "पहले जब तक मां जिंदा थी मुझे लगता था कि शायद मुझे बायोलॉजिकली जन्म दिया गया है। मां के जाने के बाद सारे अनुभव को मैं जोड़ कर देखता हूं तो मैं कन्विंस हो चूका हूं कि परमात्मा ने मुझे भेजा है।"

### घमंडिया गठबंधन राष्ट्र के साथ विकास विरोधी : नड्डा



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, इंडिया यानी घमंडिया गठबंधन श्रीराम, सनातन और राष्ट्र के साथ विकास विरोधी है। कांग्रेस अध्यक्ष रही सोनिया गांधी ने कोर्ट में बताया था कि श्रीराम का वजूद नहीं है। इनके खराब कर्मों के चलते अयोध्या में श्रीराम के दर्शन नहीं हुए। सनातन धर्म के विरोध में जहर उगलने वाला इनका प्रिय होता है। राष्ट्र के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले के पक्ष में राहुल गांधी खड़ा होकर उसे टिकट देते हैं। ऐसे पार्टियों को जनता सबक सिखाने को तैयार है। घमंडिया गठबंधन दलित, पिछड़ा व अति पिछड़ा विरोधी है। यह इन जातियों के आरक्षण पर डाका डालकर मुस्लिम तुष्टिकरण को बढ़ावा देना चाहते हैं।

**संबलपुर में कांग्रेस के चक्रव्यूह में फंसी भाजपा व बीजद!**

# आसान नहीं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की चुनावी राह

*लोकसभा चुनाव में ओडिशा की संबलपुर लोकसभा सीट इसलिए हाई प्रोफाइल बन गई है, कि यहां गठबंधन की डोर बंधने से पहले टूटने के कारण भाजपा और बीजद ने प्रतिष्ठा दांव पर लगा रखी है। भाजपा ने इस सीट पर राज्यसभा सांसद एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को चुनावी जंग में उतारकर बड़ा दांव खेला है। जबकि राज्य में सत्तारूढ़ बीजद ने यहां वापसी करने के मकसद से अन्य जिले की सीट से मौजूदा विधायक प्रणब प्रकाश दास को प्रत्याशी बनाया है।*

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

इंडी गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने भी भाजपा और बीजद दोनों को सियासी चुनौती देने के लिए बीजद के बागी हुए पूर्व सांसद नागेन्द्र प्रधान को अपना प्रत्याशी बनाकर नहले पर दहला मारा है। नागेन्द्र प्रधान इस सीट से सोलहवीं लोकसभा में बीजद के सांसद रहे हैं। कांग्रेस की इस चुनावी रणनीति के दांव ने संबलपुर लोकसभा चुनावी समीकरण को दिलचस्प मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है। राजनीतिक विशेषलकों की माने तो यहां अब त्रिकोणीय चुनावी मुकाबला होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

अठारहवीं लोकसभा के लिए इस बार चुनाव में ओडिशा की संबलपुर लोकसभा सीट भी राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है। यहां 25 मई को छठे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के साथ ही इसके अंतर्गत आने वाली सात विधानसभा सीटों के लिए भी मतदान कराया जा रहा है। संबलपुर लोकसभा सीट के चुनाव की बात की जाए तो यहां का चुनाव भाजपा और बीजद के लिए इसलिए भी सियासी प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है, कि दोनों दलों की गठबंधन करके चुनाव लड़ने डोर बंधने से पहले ही टूट गई थी। इसलिए भाजपा ने पिछले चुनाव में यहां भाजपा को पहली जीत का स्वाद चखाने वाले मौजूदा सांसद नितेश गंगा देब का टिकट काटकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को प्रत्याशी बनाया है, केंद्रीय मंत्री प्रधान इससे पहले देवगढ़ सीट से चुनाव लड़ते रहे हैं।



धर्मेन्द्र प्रधान



नागेन्द्र प्रधान



प्रणब प्रकाश दास

बीजद ने एक मजबूत चुनावी रणनीति के तहत मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के करीबी जाजपुर से तीन बार विधायक रहे बीजद के संगठन महासिचव प्रणब प्रकाश दास को भाजपा के खिलाफ चुनावी जंग में उतार दिया है, जबकि 2014 में इस सीट से बीजद सांसद नागेन्द्र प्रधान ने पिछले चुनाव की तरह इस बार भी टिकट न मिलने पर ऐसी बगावत करके पिछले महीने ही कांग्रेस का दामन थाम लिया और कांग्रेस ने पहले यहां बनाए गये प्रत्याशी दुलालचंद्र प्रधान का टिकट कैंसिल करके नागेन्द्र को प्रत्याशी बनाकर ऐसा चक्रव्यूह तैयार किया कि संबलपुर लोकसभा सीट पर भाजपा और बीजद के चुनावी मुकाबले में सभी समीकरण बदल दिये। यह भी माना जा रहा है कि यहां चुनावी मुकाबला अब दो प्रधानों के बीच हो सकता है, लेकिन यह तो चुनाव के बाद नतीजे ही तय करेंगे कि इन प्रमुख दलों की रणनीतियों का समीकरण किस करवट बैठेगा।

### विधानसभाओं का गणित

संबलपुर लोकसभा के अंतर्गत तीन जिलों की सात विधानसभा सीटे आती है, जिनमें संबलपुर जिले की कुचिंडा, रेंगाली(सु) व संबलपुर व रायराखोल हैं तो देवगढ़ जिले की देवगढ़ और अंगुल जिले की छेंदीपाडा(सु) तथा अथमल्लिक विधानसभा शामिल हैं। इन सीटों में फिलहाल चार पर बीजद और तीन पर भाजपा के विधायक काबिज है। इस लोकसभा सीट के साथ सातों विधानसभा के लिए भी मतदान होगा। संबलपुर लोकसभा सीट पर करीब 15 लाख से ज्यादा मतदाताओं को भेदने के लिए 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। साल 2019 के चुनाव में 1468530 मतदाता थे।

### ये है लोकसभा का इतिहास

ओडिशा की संबलपुर लोकसभा सीट पर अब तक हुए 17 लोकसभा चुनावों में सबसे ज्यादा सात बार कांग्रेस का कब्जा रहा है, जबकि बीजद चार, गणतंत्र परिषद दो के अलावा भाजपा, जनता पार्टी, जनता दल व प्रजा सोशलिस्ट एक-एक बार यहां जीत कर सकी है। भाजपा ने पहली बार साल 2019 के चुनाव में नितेश गंगा देब को प्रत्याशी बनाकर बीजद प्रत्याशी के खिलाफ महज 9,162 मतों के अंतर से जीत हासिल की थी। आजादी के पहले दो चुनाव यहां गणतंत्र परिषद के प्रत्याशियों ने जीते, तो तीसरे चुनाव 1962 में यहां प्रजा सोशलिस्ट पार्टी ने पताका लहराया। कांग्रेस ने पहली बार 1967 में खाता खोला और लगातार दो चुनाव जीते, लेकिन आपातकाल के दौरान 1977 में कांग्रेस विरोधी लहर में यहां जनता पार्टी ने जीत दर्ज की, लेकिन 1980 और 1984 के चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस के प्रत्याशी जीतकर लोकसभा पहुंचे। 1989 में यहां जनता दल ने अपना झंडा फहराया, तो उसके बाद एक बार फिर कांग्रेस ने लगातार दो लोकसभा चुनाव जीते। लेकिन इसके बाद ओडिशा में बीजू जनता दल ने राज्य में बढ़ते जनाधार की बदौलत 1998 में इस सीट पर पहली बार जीत का स्वाद चखा और बीजद के प्रसन्ना आचार्य यहां से लगातार तीन बार चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। जबकि केंद्र में यूपीए की सरकार के दौरान 2009 के चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस का प्रत्याशी जीतकर लोकसभा पहुंचा, जबकि 2014 के चुनाव में यहां नागेन्द्र प्रधान ने बीजद को जीत दिलाई। इस बार नागेन्द्र प्रधान कांग्रेस के टिकट पर भाजपा के धर्मेन्द्र प्रधान को चुनौती दे रहे हैं।

**पश्चिम बंगाल की बिष्णुपुर सीट पर है रोचक मुकाबला, पूर्व पति, पत्नी हैं आमने-सामने**

# प्यार कांग्रेस में, शादी टीएमसी में, भाजपा में तलाक अब एक-दूसरे को हराने लड़ रहे चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 में चुनाव प्रचार के दौरान कहीं पर देवरानी-जेठानी और ससुर चुनावी मुकाबले में हैं तो एक सीट ऐसी भी है जहां पर पूर्व पति-पत्नी एक-दूसरे को चुनौती दे रहे हैं। पश्चिम बंगाल की बिष्णुपुर सीट पर ऐसा ही हाल है। यहां टीएमसी की उम्मीदवार सुजाता मंडल अपने पूर्व पति सौमित्र खान के खिलाफ पूरे जोर-शोर से चुनाव लड़ रही हैं। खबर में आगे बढ़ने से पहले सुजाता और सौमित्र के रिश्ते को लेकर कुछ दिलचस्प बातों को जानना जरूरी है।



### पहले कांग्रेस में थे सौमित्र खान

सौमित्र खान और सुजाता मंडल की मुलाकात 2010 में हुई थी। सौमित्र खान तब कांग्रेस में थे और सुजाता मंडल एक सरकारी स्कूल में टीचर थीं। जब दोनों में नजदीकियां बढ़ीं तो सुजाता सौमित्र के साथ कांग्रेस के तमाम कार्यक्रमों में नजर आने लगीं। इस तरह सौमित्र और सुजाता कांग्रेस में रहते हुए ही एक-दूसरे के करीब आए। 2014 में जब सौमित्र टीएमसी में शामिल हुए तो सुजाता भी उनके साथ टीएमसी में चली गईं। 2016 में सुजाता और सौमित्र ने शादी कर ली। सुजाता और सौमित्र को जानने वाले बताते हैं कि सुजाता ने अपने परिवार के खिलाफ जाकर सौमित्र से शादी की थी। 2019 में जब सौमित्र बीजेपी में शामिल हुए तो सुजाता भी उनके साथ बीजेपी में आ गईं।

### सुजाता ने संभाला था चुनाव अभियान

यह बेहद दिलचस्प बात है कि 2019 के लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान सुजाता मंडल ने अकेले दम पर सौमित्र का चुनाव अभियान संभाला था। क्योंकि तब कोलकाता हाई कोर्ट ने सौमित्र खान के बिष्णुपुर लोकसभा क्षेत्र में प्रवेश करने पर रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट ने यह आदेश उन पर नौकरी मांगने वाले उम्मीदवारों से धन वसूली करने के आरोपों के मामले में दिया था। क्योंकि सुजाता लंबे वक्त से राजनीति में सक्रिय थीं इसलिए सौमित्र के चुनाव क्षेत्र से बाहर होने के बाद भी जब उन्हें जीत मिली तो इसमें सुजाता का ही बड़ा हाथ माना गया था।

### टीएमसी में शामिल हुईं सुजाता

सुजाता और सौमित्र के रिश्ते तब खराब हुए जब सुजाता 2021 के पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों से पहले टीएमसी में शामिल हो गईं। सौमित्र इससे सदमे में आ गए और उन्होंने बाकायदा एक संवाददाता सम्मेलन में सुजाता से अलग होने की घोषणा की और तलाक मांगा। 2021 के विधानसभा चुनाव में टीएमसी ने सुजाता मंडल को आरामबाग विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया लेकिन वह चुनाव हार गई थीं। 2022 में सुजाता और सौमित्र खान कानूनी रूप से अलग हो गए थे। इसके बाद सौमित्र खान ने परमिता रॉय चौधरी से शादी कर ली और सुजाता मंडल ने भी अपने नाम के पीछे से खान सरनेम को हटा लिया था। पिछले साल हुए पंचायत चुनाव में उन्होंने सुजाता मंडल के नाम से ही चुनाव लड़ा। टीएमसी ने जब बिष्णुपुर लोकसभा सीट से सुजाता को उम्मीदवार बनाया तो सुजाता ने कहा था कि यह उनके लिए अग्निपरीक्षा की तरह है लेकिन उन्हें इस बात का पूरा भरोसा है कि वह चार लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से चुनाव जीतेंगी। सौमित्र खान को 2014 में इस सीट से 1.20 लाख वोटों से जीत मिली थी जबकि 2019 में यह आंकड़ा 78000 वोटों का रहा था। बिष्णुपुर लोकसभा सीट में सात विधानसभा सीटें आती हैं।

### बीजेपी-टीएमसी के बीच है मुकाबला

*2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों में से 18 सीटों पर जीत दर्ज की थी जबकि 2014 के लोकसभा चुनाव में उसे सिर्फ 2 सीटें मिली थी। तब टीएमसी को 22 सीटें मिली थी। 2021 में हुए विधानसभा चुनाव में भी मुख्य मुकाबला बीजेपी और टीएमसी के बीच ही रहा था। बीजेपी ने 2016 के विधानसभा चुनाव में उसे मिली तीन सीटों के मुकाबले 77 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस बार बीजेपी ने राज्य में 35 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है जबकि टीएमसी भी उसे 2019 में मिली सीटों के आंकड़े से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए जोर लगा रही है।*



## चुनाव की तैयारी

भुवनेश्वर, ओडिशा में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के छठे चरण की पूर्व संध्या पर मतदान अधिकारी चुनाव सामग्री एकत्र करने के बाद एक वितरण केंद्र से निकलते हुए। गौरतलब है, इस चरण में यूपी, हरियाणा, उड़ीसा सहित आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 58 लोकसभा सीटों के लिए शनिवार 25 मई को चुनाव कराया जाएगा। इस चरण में 94 महिलाओं और एक थर्ड जेंडर समेत 889 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनके सामने 11 करोड़ 13 लाख 16 हजार 606 मतदाताओं के चक्रव्यूह को भेदने की दरकार होगी। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री और चार केंद्रीय मंत्रियों की प्रतिष्ठा भी दांव पर होगी।

**हमीरपुर में कांग्रेस से विधायकी हारे सतपाल से है मुकाबला**

# लगातार 5वीं जीत की तलाश में अनुराग ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश की हॉट सीटों में शामिल हमीरपुर में चुनावी पारा चरम पर है। 2008 के उपचुनाव समेत जीत का चौका लगा चुके अनुराग ठाकुर पांचवीं बार मैदान में ताल ठोक रहे हैं। कांग्रेस ने पूर्व विधायक सतपाल रायजादा को मैदान में उतारा है। रायजादा स्थानीय व राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर भाजपा की तगड़ी घेराबंदी में जुटे हुए हैं। वहीं, पिछले चुनाव में महज 7095 वोट हासिल कर तीसरे स्थान पर रही बसपा ने इस बार हेमराज को मैदान में उतारा है। ऐसा नहीं है कि हमीरपुर में भाजपा के लिए राहें बहुत सपाट हों। मतदाताओं के बीच सवाल खूब हैं। पर, ज्यादातर की बातें मुद्दों से शुरू होकर अगर-मगर के कई मोड़ों से गुजरते हुए मजबूत विकल्प नहीं होने पर पहुंचकर अटक जाती है। यह वह चीज है जो भाजपा को सुकून दे रही है। प्रदेश की चार लोकसभा सीटों में से हमीरपुर हाई प्रोफाइल में शुमार है। 93 फीसदी ग्रामीण आबादी वाली इस सीट पर 95 फीसदी से भी ज्यादा आबादी हिंदुओं की है। 2011 की जनगणना के अनुसार हिंदू आबादी से 23.75 फीसदी दलित, तो 1.46 फीसदी अनुसूचित जनजाति हैं। इस सीट पर 10 बार भगवा परचम फहराया, तो इसमें इन आंकड़ों का बहुत बड़ा रोल है। वहीं, पिछले चुनावों में जीत के मार्जिन के आंकड़े खुद-ब-खुद बता देते हैं कि प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस कोसों दूर है। उसके सामने पहाड़ जैसे मार्जिन को भरने की बड़ी चुनौती है।



### जोरदार हमला बोल रहे रायजादा

*ऊना रायजादा का गढ़ है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का गृह नगर नादौन भी इसी लोकसभा सीट में आता है। रायजादा मुद्दों को लेकर बेहद तल्ख अंदाज में हमले बोल रहे हैं। वह अपनी सभाओं में कह रहे हैं-अनुराग अब चुनावी सभाओं में कहते फिर रहे हैं कि हमीरपुर तक रेल लाइन राज्य सरकार की वजह से नहीं पहुंची। अनुराग शायद भूल गए हैं कि सुक्खू सरकार को सत्ता संभाले महज 15 माह ही हुए हैं, इससे पहले तो भाजपा की जयराम सरकार ही थी। ऊना में आने वाली ट्रेनों की संख्या तो अनुराग गिनाते हैं, ये क्यों नहीं बताते कि हमीरपुर में रेल लाइन कितने इंच सरकी है? पीजीआई सेटेलाइट सेंटर के अधूरे काम पर भी वह सवाल उठाते हैं। वह तंज कसते हुए कहते हैं, अनुराग ठाकुर खुद तो लेफ्टिनेंट बन गए, लेकिन युवाओं को अग्निवीर बनाकर उनका भविष्य खराब कर दिया गया।*

### मुद्दों पर मुखर मतदाता

हमीरपुर के सुजानपुर टीहरा, नादौन और ऊना के साथ-साथ बडसर, कुटलैहड़, चिंतपूर्णी तक के सफर में एक बात तो साफ हो गई कि यहां भाजपा विरोधी स्वर कम नहीं हैं। पर, मोदी और अनुराग ठाकुर की छवि को लेकर भी उतनी ही चर्चाएं हैं। सबसे पहले हम कांग्रेस प्रत्याशी रायजादा के शहर ऊना पहुंचे। बिजली के उपकरण की मरम्मत में जुटे मनोहर लाल शर्मा की बूढी आंखें चुनाव का जिक्र करते ही चमक उठती हैं। उन्हें नाराजगी इस बात की है कि विधानसभा उपचुनाव का बोझ जनता पर डाला गया। वे भाजपा को घर तोड़ने वाला बताते हैं। यही नहीं बड़े ही आत्मविश्वास से दावा करते हैं कि कांग्रेस ही यहां जीत रही है। युवा व्यापारी आयुष कहते हैं, मैं ही नहीं, मेरी मित्र मंडली का भी मानना है कि अनुराग ठाकुर को क्षेत्र में एक बार आना चाहिए था।

### चर्चाओं में पीएम मोदी

सुजानपुर टीहरा में सुबह-सुबह ही चूड़ी-बिंदी की अपनी दुकान सजा रहीं मीना चुनाव के सवाल पर चहकते हुए कहती हैं, अनुराग आते रहते हैं। हमसे मिलते हैं। मिठाई की अपनी दुकान को सजा रहे रांगड़ा कहते हैं, हम तो मोदी के साथ हैं। युवाओं के लिए इतना बड़ा स्टेडियम बनवा दिया। फिर आएंगे तो कुछ काम करेंगे। कांग्रेस ने किया ही क्या है? चिंतपूर्णी में मिले हरबंश सिंह कहते हैं, हमारी तो कई पीढ़ियां अटल बिहारी वाजपेयी को देखते गुजरीं, अब मोदी जी हमारे नेता हैं।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

27-28 मई को गर्मी चरम पर, कई क्षेत्रों में लू चलने की संभावना



# आज से तपेगा नवतपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शनिवार से नवतपा की शुरुआत हो जाएगी और दूसरे दिन ही हवा की दिशा बदलकर उत्तर-पश्चिम होने से छत्तीसगढ़ के भारी गर्मी से झुलसने का आसार हैं। माना जा रहा है कि शुरुआती दिनों में गर्मी अपने चरम पर रहेगी और मध्य इलाकों में लू चलेगी।

मान्यता के अनुसार जेठ माह के दूसरे दिन यानी 25 मई से नवतपा की शुरुआत होगी और दो जून तक इसका असर रहेगा। माना जाता है कि नवतपा के दौरान धरती खूब तपती है और गर्मी अपने चरम पर होती है। इस बार कुछ ऐसा ही होने का अनुमान है। मौसम विशेषज्ञों की मानें, तो लंबे समय से दक्षिण से आने वाली हवा की दिशा में बदलाव होगा और उत्तर-पश्चिम से आने वाली शुष्क हवा से छत्तीसगढ़ झुलसेगा। 26 से इस प्रक्रिया की शुरुआत होगी और गर्मी का प्रकोप काफी दिनों तक असर असर दिखाएगा। मई के महीने में रायपुर का सर्वाधिक तापमान 43.6 था और राज्य 44.2 डिग्री तक पहुंचा था, यह रिकार्ड आने वाले तीन-चार दिनों के भीतर टूटने की संभावना है। माह के अंत में गर्मी के तेवर कुछ कम होंगे, मगर ज्यादा राहत मिलने की संभावना नहीं है। अभी ▶▶ शेष पेज 4 पर

## पहले दिन पारा रहेगा स्थिर, दूसरे दिन से गर्म हवा झुलसाएगी

### उमस ने कर रखा हलाकान

पिछले तीन दिनों से उमसभरी गर्मी ने लोगों को हलाकान कर रखा है। अभी बंगाल की खाड़ी से हवा आ रही है, जिसके प्रभाव से वातावरण में नमी मौजूद है। इसके असर से कहीं ना कहीं दोपहर बाद बारिश हो रही है। सुबह के वक्त धूप निकलने की वजह से उमसभरी गर्मी से लोग पसीना-पसीना हो रहे हैं, अब आने वाले दिनों में झुलसाने वाली गर्मी लोगों को अपना शिकार बनाएगी।

### कहीं-कहीं बारिश के आसार

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि अभी एक द्रोणिका दक्षिण पश्चिम राजस्थान से छत्तीसगढ़ तक विस्तारित है। एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश के ऊपर मौजूद है। शनिवार को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा अथवा गरज-चमक के छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा।

मौसम विभाग का बड़ा अलर्ट

## दिल्ली से यूपी-बिहार तक चलेगी लू, इन राज्यों में बारिश

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। कई राज्यों में तापमान 47 से 48 के पार पहुंच चुका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 26 मई तक पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश, पंजाब के कुछ हिस्सों,



हरियाणा-चंडीगढ़, पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी मप्र और पश्चिमी यूपी उत्तर के अलग-अलग हिस्सों में लू या भीषण लू चलने की संभावना है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात के लिए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। विभाग ने 29 मई तक अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में भारी बारिश तथा ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।

### कल कहीं भी टकरा सकता है रेमल तूफान

विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मौसम शोध मॉड्यूल का दावा है कि 26 मई यानी रविवार को रेमल लैंडफॉल कर सकता है। दावा किया जा रहा है कि प्राथमिक रूप से यह तूफान बांग्लादेश में लैंडफॉल करता दिखाई दे रहा है, लेकिन यह कभी भी अपना रास्ता बदल सकता है। इसका लैंडफॉल बांग्लादेश के सुंदरवन से लेकर ओडिशा के समुद्र तट में से कहीं भी हो सकता है। मौसम विभाग ने मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आजम खान सहित फैमिली को हाईकोर्ट से मिली राहत

**प्रयागराज।** आजम खान और उनके परिवार को फर्जी बर्थ सर्टिफिकेट से जुड़े मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। आजम, अब्दुल्ला आजम व तंजीम फातिमा को जमानत मिल गई है। साथ ही सात साल की सजा पर रोक भी लग गई है। तीनों के खिलाफ बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।



### तमिलनाडु के पूर्व पुलिस महानिदेशक गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु के पूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक राजेश दास को उनसे अलग रह रही उनकी पत्नी बीला वेंकटेशन की शिकायत पर घर में घुसकर धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। वेंकटेशन राज्य की ऊर्जा सचिव हैं। राज्य में पिछली अन्नाद्रमुक सरकार में विशेष महानिदेशक रहे।



### सब्जी ले जा रहे ट्रक पलटा तीन मृत, सात घायल

**सूरत।** गुजरात के सूरत जिले में शुक्रवार तड़के सब्जी से लदे ट्रक के पलट जाने से तीन मजदूरों की मौत हो गई और सात घायल हो गये। पुलिस अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर बारदोली के किकवाड गांव के समीप दुर्घटना हुई। बारदोली पुलिस के निरीक्षक डी.आर. वसावा ने बताया कि ट्रक बड़ी तेज गति से जा रहा था।



### ईवीएम तोड़ने वाले विधायक को अंतरिम राहत

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने ईवीएम क्षतिग्रस्त करने के मामले में माचेर्ला से वाईएसआर कांग्रेस के 'फरार' विधायक रामकृष्णा रेड्डी को छह जून तक गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दे दी। अदालत ने यह फैसला विधानसभा चुनाव में उनके उम्मीदवार होने सहित विभिन्न कारणों के आधार पर दिया।



### मिजोरम में 8.40 करोड़ की हेरोइन जब्त

**आइजोल।** असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस ने चम्फाई जिले से एक किलोग्राम से अधिक हेरोइन जब्त की है। असम राइफल्स के अधिकारी ने मुताबिक, जब्त की गयी हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 8.40 करोड़ रुपये बताई जा रही है। उक्त कार्रवाई असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस की संयुक्त टीम ने की।



चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच 58 लोकसभा सीटों पर मतदान

# प्रधान, गुर्जर, इंद्रजीत, महबूबा, खट्टर, जगदंबिका समेत कई दिग्गजों की किस्मत का फैसला आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

गौरतलब है कि आज 25 मई शनिवार को आठ राज्यों की 58 सीटों पर होने वाले चुनाव में 889 प्रत्याशियों के लिए ईवीएम का बटन दबाया जाएगा। इस चरण में हरियाणा की 10 सीटों पर सबसे ज्यादा 223 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जबकि जबकि लोकसभा सीट के हिसाब से देखा जाए तो हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा 31 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में ओडिशा की 6 लोकसभा सीटों के साथ उनके दायरे में आने वाली 42 विधानसभा सीटों पर भी मतदान कराया जाएगा।

गौरतलब है कि लोकसभा के अब तक हो चुके पांच चरणों के चुनाव में औसतन 65.96 प्रतिशत मतदान हुआ है। इनमें सबसे कम 62.2 प्रतिशत मतदान पांचवें चरण में हुआ है। वहीं सबसे अधिक 69.16 प्रतिशत मतदान चौथे चरण में हुआ है। पहले चरण में 66.14 प्रतिशत, दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत व तीसरे चरण में 65.68 प्रतिशत मतदान हुआ है। अंतिम और सातवें चरण का मतदान एक जून को होगा। छठे चरण में यूपी की सुल्तानपुर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी, बिहार की पूर्वी चंपारण से भाजपा प्रत्याशी ▶▶ शेष पेज 4 पर

*लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 58 लोकसभा सीटों के लिए आज शनिवार 25 मई को मतदान होगा। इस चरण में 94 महिलाओं और एक थर्ड जेंडर समेत 889 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। आज होने वाले मतदान के जरिए मतदाता चार केंद्रीय मंत्रियों, तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों सहित कई फिल्म अभिनेता, गायक और कलाकारों के अलावा पूर्व मंत्रियों, सांसदों समेत अनेक राजनैतिक दिग्गजों के सियासी भविष्य का फैसला करेंगे।*

### 889 उम्मीदवार डटे हैं मैदान में



### राष्ट्रपति भवन में बनेगा खास मतदान केंद्र

राष्ट्रपति भवन में बना मतदान केंद्र इस बार खास होगा। यहां पर मतदाता के रूप में स्वयं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु हैं। राष्ट्रपति का मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टी के साथ नई दिल्ली की जिलाधिकारी ईशा खोसला मौजूद रहेंगी। राष्ट्रपति भवन के मतदान केंद्र में राष्ट्रपति के साथ-साथ भवन में कार्यरत कर्मियों और उनके परिवार के सदस्य भी मतदान करेंगे।

### तीन पूर्व मुख्यमंत्री भी ठोंक रहे हैं ताल

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में जिन तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों की इस चुनावी संग्राम में अग्नि परीक्षा होनी है, उनमें हरियाणा की करनाल लोकसभा सीट से भाजपा के मनोहरलाल खट्टर, जम्मू कश्मीर की राजौरी-अनंतनाग सीट से पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती और यूपी की डुमरियागंज सीट से भाजपा के जगदंबिका पाल शामिल है।

### इन केंद्रीय मंत्रियों की दांव पर प्रतिष्ठा

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में हरियाणा की गुडगांव लोकसभा सीट पर केंद्रीय योजना, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह, फरीदाबाद सीट से केंद्रीय ऊर्जा और भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के अलावा ओडिशा की संबलपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान तथा पश्चिम बंगाल की बांकुरा लोकसभा सीट से केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री डा. सुभाष सरकार की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है।

### बूथवार वोटिंग डेटा जारी करना फिलहाल संभव नहीं : सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की उस याचिका पर तुरंत विचार करने से इंकार कर दिया, जिसमें मांग की गई थी कि चुनाव आयोग को बूथवार वोटिंग प्रतिशत की सही संख्या प्रकाशित करने और अपनी वेबसाइट पर फॉर्म 17सी की प्रतियां अपलोड करने का निर्देश दिया जाए। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अवकाश पीठ ने कहा कि शनिवार को छठे चरण का मतदान है। ऐसे में चुनाव आयोग को डेटा के लिए ज्यादा मैनपॉवर की जरूरत होगी, जो चुनाव के बीच संभव नहीं है। हमारा मानना है कि इस मामले की सुनवाई चुनाव के बाद होनी चाहिए। बता दें कि लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस समेत कई राजनीतिक दलों ने वोटिंग के आंकड़ों में गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं।

## जन समस्याओं पर सरकार तय करेगी अफसरों की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- मंत्रालय से लेकर जिलास्तर तक नियुक्त होंगे नोडल एवं अपीलीय अधिकारी

जन समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार अब अफसरों की जिम्मेदारी तय करने जा रही है। मंत्रालय से लेकर जिला स्तर तक नोडल एवं अपीलीय अधिकारियों की नियुक्ति होगी, जो पंद्रह दिन के अंदर आवेदनों का निराकरण करेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार का स्लोगन विष्णु का सुशासन को चरितार्थ करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

आमतौर पर बेहद शांत और सरल माने जाने वाले मुख्यमंत्री साय ने अभी पिछले दिनों एक साक्षात्कार में कहा था, सामान्यतः वे बेहद शांत हैं, मगर जनता की समस्याओं के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर उन्हें गुस्सा आता है। संभवतः इसी परिप्रेक्ष्य में सीएम साय ने मुख्यमंत्री जन ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 15 दिनों में करना होगा निराकरण

साय सरकार ने जनता से मिले आवेदनों का गुणवत्तापूर्वक और त्वरित गति से निराकरण के लिए अफसरों को केवल पंद्रह दिन का समय देना निर्धारित किया है। संबंधित विभाग अथवा शाखा के द्वारा आवेदनों के संबंध में कार्रवाई पूर्ण करने के उपरांत संबंधित नोडल अधिकारी उसका परीक्षण करेंगे और अंतिम निराकरण की कार्रवाई पर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### समस्या का त्वरित निराकरण ही हमारा मकसद : विष्णु देव साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, आम आदमी की दिक्कतों को तुरंत दूर करना ही हमारी सरकार का मकसद है। मुख्यमंत्री जन चौपाल पोर्टल पर आए आवेदनों का त्वरित निराकरण जनता के लिए राहत भरा होगा। इसीलिए मुख्यमंत्री जन चौपाल पोर्टल पर आवेदनों के संबंध में नोडल अफसर नियुक्त होंगे, जो पंद्रह दिन के भीतर आवेदनों का निराकरण करेंगे। संतुष्टि न होने पर आवेदक अपील भी कर सकेंगे। जिसके लिए अपीलीय अधिकारी भी नियुक्त होंगे।

## कई इलाकों में अवैध रेत खनन, ताबड़तोड़ कार्रवाई 25 से ज्यादा गाड़ियां जब्त



### परसदा सरपंच सस्पेंड

रेत उत्खनन मामले में राजिम एसडीएम अर्पिता पाठक ने ग्राम पंचायत परसदा जोशी के सरपंच को निलंबित किया है। वहीं कुछ और ग्राम पंचायत के सरपंचों को नोटिस जारी किए जाने की अपुष्ट जानकारी मिली है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद/ गरियाबंद/ राजिम/ बेमेतरा

खबर का असर

अवैध रेत के खनन को लेकर हरिभूमि में खबर के प्रकाशन के बाद प्रशासन सख्त हो गया है। शुक्रवार को एक साथ प्रदेश के कई जिलों पर रेत के अवैध कारोबारियों पर नकेल कसने के लिए कार्रवाई की गई। इस दौरान कई हाईवा और तस्करी में उपयोग लाई जा रहीं अन्य गाड़ियां भी प्रशासन ने जब्त किए हैं।

गरियाबंद में खनिज विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने 24 मई को भी अवैध रेत उत्खनन और परिवहन करते 10 ट्रैक्टर और 2 हाईवा वाहन पर कार्रवाई की है। यहां कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देश पर खनिज अधिकारी फागूलाल नागेश खनिज निरीक्षक सुभाष चंद्र साहू तहसीलदार खोमान ध्रुव ने शुक्रवार को पितईबंद रेत खदान में 10 ट्रैक्टर और हाथखीज खदान में 2 हाईवा जब्त कर राजिम थाना के सुपुर्द किया है।

### बेमेतरा में पकड़ी 7 गाड़ियां

बेमेतरा में खनिज विभाग ने जिले मे चल रहे अवैध खनन और तस्करी पर रोक लगाने के लिए 22 मई से 24 मई तक कार्रवाई की है। इस दौरान रेत एवं गिट्टी के अवैध परिवहन पर 07 वाहन पकड़े हैं। अवैध परिवहन के 07 प्रकरण दर्ज कर 05 प्रकरण मे अर्थदंड राशि 1 लाख 52 हजार रुपए वसूल की गई है। इसके साथ ही शेष 02 प्रकरण प्रकियाधीन हैं।

### खमतराई घाट से 2 वाहन और 1 चेन माउंटेन, बरबसपुर से 4 हाईवा जब्त

महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन के मामले में हाल ही में कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग रेत घाटों में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान टीम को सिरपुर के ग्राम खमतराई रेत घाट में अवैध उत्खनन करते कुछ लोग पुलिस को देखकर भाग गए। खमतराई रेत घाट से पुलिस ने एक रेत भरी हाईवा और एक खाली हाईवा सहित एक चेन माउंटेन जब्त की। वहीं बरबसपुर खदान से सुबह 5 बजे निकल रही 4 वाहनों को पकड़ा गया है। कोतवाली टीम ने खमतराई घाट में छापामार कार्रवाई करते हुए दो हाईवा और रेत उत्खनन में उपयोग की जा रही एक चेन माउंटेन को जब्त कर कार्रवाई के लिए तुमगांव थाना को सौंपा। महासमुंद लाई गई 4 वाहनों को खनिज विभाग को अग्रिम कार्रवाई के लिए सौंपा है।

तीन माह से कर्मियों को नहीं मिला था वेतन

## स्वामी आत्मानंद स्कूलों के शिक्षक-कर्मचारियों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- अब उत्कृष्ट शाला संचालन योजना अनुदान मद से तनख्वाह

छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई स्वामी आत्मानंद स्कूलों में काम करने वाले संविदा कर्मियों को अब राज्य सरकार वेतन देगी। इस संबंध में छत्तीसगढ़ सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि इन स्कूलों के संविदा कर्मियों को वेतन का भुगतान उत्कृष्ट शाला संचालन योजना के तहत प्रावधानित ▶▶ शेष पेज 4 पर

### लोक शिक्षण संचालक ने भी जारी किया आदेश

राज्य सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी करने के बाद लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय को पत्र जारी किया है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों में ▶▶ शेष पेज 4 पर

## महासुहत महाशाक्त यज्ञ में मुख्यमंत्री साय सपत्नीक और परिवार सहित हुए शामिल, जनकल्याण के लिए किया अनुष्ठान



**रायपुर।** श्री महा दिव्य देशम फाउंडेशन द्वारा माना में पांच दिवसीय महा सुहृत महा शाक्त यज्ञ अनुष्ठान का पूर्णिमा की रात 23 मई गुरुवार को दुर्गा शांति के साथ समापन हुआ। आखिरी दिन विशेष अनुष्ठान में राज्य के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय धर्मपत्नी श्रीमति कौशल्या देवी साय और परिवार जनों के साथ अनुष्ठान में आधी रात शामिल हुए। पूर्णिमा की रात 11.30 बजे से विशेष यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन पूज्य श्री राजीव रकुल के द्वारा केरला से आए तंत्रियों द्वारा किया गया। इसमें केरल के दिव्य पद्धति से राजा ▶▶ शेष पेज 4 पर

केदारनाथ में हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, यात्री सुरक्षित

## पायलट ने टचडाउन बिंदु से 100 मीटर पहले कराया लैंड



**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के केदारनाथ में तीर्थयात्रियों को लेकर उड़े निजी कंपनी के हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने के बाद सुबह 7 बजे इमरजेंसी लैंडिंग कराना पड़ी। हवा में गोते खाने लगे हेलीकॉप्टर के पायलट ने सूझबूझ का परिचय दिया और हेलीकॉप्टर को केदारनाथ हैलीपैड से 100 मीटर पहले उतार लिया। ज्ञात हो कि पिछले 11 साल में केदारनाथ में 10 हेलीकॉप्टर हादसे हो चुके हैं। क्रिस्टल एविएशन कंपनी का हेलीकॉप्टर सिरसी हैलीपैड से केदारनाथ के लिए उड़ा था।केदारनाथ धाम तक पहुंचाने के लिए 9 हेलीकॉप्टर कंपनियां अपनी सेवाएं दे रही हैं।

## चारधाम यात्रा के दौरान अब तक कुल 52 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 52 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें बदरीनाथ में 14, केदारनाथ में 23, गंगोत्री में 03 और यमुनोत्री में 12 श्रद्धालुओं की जान गई है। केदारनाथ में बीते 10 वर्ष में 350 यात्रियों की मौत हो चुकी है, जिसका प्रमुख कारण सीने में दर्द, बेचैनी और दिल का दौरा पड़ना रहा है। बदरीनाथ धाम की यात्रा पर आए केरल के एक श्रद्धालु की गुरुवार को हृदयगति रुकने से मौत हो गई। परिजनों ने विष्णुप्रयाग में ही अंतिम संस्कार करा दिया।



### वैष्णव देवी जा रहे सात श्रद्धालुओं की मौत

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला के निकट मोहरा गांव में एक मिनीबस और ट्रक की टक्कर होने से छह महीने की बच्ची समेत एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। घटना में 20 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मिनीबस उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से लगभग 30 लोगों को जम्मू-कश्मीर स्थित वैष्णो देवी मंदिर लेकर जा रही थी।

## चिंतन

# चुनाव आयोग पर बार-बार अविश्वास करना ठीक नहीं

राष्ट्र के नगरिकों को अपने राष्ट्रीय निकायों पर भरोसा होना चाहिए। केंद्रीय निर्वाचन आयोग पर अदालत के माध्यम से बार-बार अविश्वास जाहिर करना सही नहीं है। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक गैर-सरकारी संगठन की वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें निर्वाचन आयोग को मतदान केंद्र-वार वोटिंग प्रतिशत के आंकड़े वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। न्यायालय ने कहा कि चुनाव के दौरान 'व्यावहारिक दृष्टिकोण' अपनाया जाना चाहिए। चूंकि चुनाव आयोग की पूरी मशीनरी चुनाव कराने में व्यस्त है, चुनाव आयोग के पास कोई बड़ा मैनपावर स्ट्रेंथ भी नहीं है, ऐसे में बीच चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग पर दबाव बनाना पक्षपातपूर्ण लगता है। यह मान लेना कि चुनाव आयोग निष्पक्षता से चुनाव नहीं करवा रहा है या यह मान लेना कि सत्ता पक्ष के प्रति निर्वाचन आयोग नरम है या यह मान लेना कि चुनाव संबंधी आंकड़े में भी कोई गड़बड़ी प्रायोजित की जा सकती है, ये सब आयोग की साख को प्रभावित करते हैं। अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि वह इस वक्त ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं कर सकती, क्योंकि चुनाव के पांच चरण संपन्न हो चुके हैं और दो चरण बाकी हैं तथा ऐसे में निर्वाचन आयोग के लिए लोगों को काम पर लगाना मुश्किल होगा। शीर्ष अदालत ने गैर-सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से दाखिल वादकालीन याचिका (आईए) यह कहते हुए स्थगित कर दी कि इसे चुनाव बाद नियमित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा। पीठ ने कहा कि प्रथमदृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि अर्जी में किए गए अनुरोध इसी मुद्दे पर 2019 से लंबित मुख्य याचिका के समान हैं। पीठ ने कहा, इसे (आईए) लंबित रिट याचिका के साथ लिया जाना चाहिए, क्योंकि चुनावों के दौरान व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। पीठ ने यह भी कहा कि 'आईए में कोई भी राहत देना मुख्य याचिका में राहत देने के समान होगा, जो पहले से ही लंबित है।' दरअसल, हकीकत को समझे जाने की जरूरत है, न कि बीच में प्रक्रिया में बदलाव करके निर्वाचन आयोग पर बोझ डालने की। उच्चतम न्यायालय ने 17 मई को एडीआर की याचिका पर निर्वाचन आयोग से एक हफ्ते के अंदर जवाब मांगा था, जिसमें लोकसभा चुनाव के प्रत्येक चरण का मतदान संपन्न होने के 48 घंटे के अंदर मतदान केंद्र-वार मत प्रतिशत के आंकड़े आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। एडीआर ने 2019 की अपनी जनहित याचिका में एक वादकालीन याचिका दायर की थी। मूल जनहित याचिका में एडीआर ने निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का न्यायालय से अनुरोध किया है कि सभी मतदान केंद्रों के 'फॉर्म 17 सी भाग-प्रथम (रिकॉर्ड किए गए मत) की स्कैन की गई सुपाठ्य प्रतियां' मतदान के तुरंत बाद अपलोड की जाएं। निर्वाचन आयोग ने हलफनामा दाखिल कर एनजीओ की मांग का विरोध किया और कहा कि इससे चुनावी माहौल 'खराब' होगा और आम चुनावों के बीच चुनावी तंत्र में 'अराजकता' पैदा होगी। हमें चुनाव आयोग की बातों को भी गंभीरता से लेनी चाहिए। हर बात के लिए आयोग की आलोचना ठीक नहीं है, बार बार उसे अदालत में घसीटना भी ठीक नहीं है। ईवीएम पर भी बार बार सवाल उठाए जाते रहे हैं, जबकि ईवीएम की तकनीक सुरक्षित है।

# बढ़ते तापमान पर नियंत्रण जरूरी



दरकार
सतीश सिंह

> वातावरण में एक निश्चित तापमान होने के कारण पृथ्वी पर जीवन है, लेकिन आज उद्योगों, पेड़ों की कटाई, विविध उपकरणों जैसे फ्रिज, शीत ताप नियंत्रक आदि के कारण कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, क्लोरो-फ्लोरो कार्बन आदि गैसों का उत्सर्जन हो रहा है, जिससे ग्रीन हाउस गैसों की परत मोटी होती जा रही है और ये सूर्य से अधिक ऊर्जा सोखकर पृथ्वी तक पहुंचा रहे हैं, जिससे पृथ्वी के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है और इंसानों का जीना मुहाल हो रहा है। अभी देर नहीं हुई है, कोशिश करने पर कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, क्लोरो-फ्लोरो कार्बन आदि के उत्सर्जन पर लगाम लगाया जा सकता है।

अमेरिका के हॉवर्ड विश्वविधालय के अर्थशास्त्री एड्रियन बिलाल और नॉर्थ वेस्टर्न विश्वविधालय के अर्थशास्त्री डिएगो आर कांजिंगाने हाल ही में अपने अध्ययन के निहितार्थों की घोषणा करते हुए कहा कि अगर वैश्विक तापमान में 1 प्रतिशत की वृद्धि होती है तो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को 12 प्रतिशत तक का नुकसान हो सकता है, जबकि दीर्घकालीन कल्याणकारी योजनाओं पर 31 प्रतिशत का नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, जो हालात के नहीं सुधरने पर 2100 तक बढ़कर 52 प्रतिशत हो सकता है। इन दोनों अर्थशास्त्रियों का मानना है कि वैश्विक तापमान में मौजूदा स्तर से 1 डिग्री सेल्सियस वृद्धि होने पर आर्थिक उत्पादन में 12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिसकी भरपाई 10 साल में भी नहीं की जा सकती है। अर्थशास्त्रियों का यह भी मानना है कि अगर वैश्विक तापमान में वृद्धि नहीं होती तो प्रति व्यक्ति उत्पादन 37 प्रतिशत अधिक हो सकता था।

वातावरण में एक निश्चित तापमान होने के कारण पृथ्वी पर जीवन है, लेकिन आज उद्योगों, पेड़ों की कटाई, विविध उपकरणों जैसे फ्रिज, शीत ताप नियंत्रक आदि के कारण कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, क्लोरो-फ्लोरो कार्बन आदि गैसों का उत्सर्जन हो रहा है, जिससे ग्रीन हाउस गैसों की परत मोटी होती जा रही है और ये सूर्य से अधिक ऊर्जा सोखकर पृथ्वी तक पहुंचा रहे हैं, जिससे पृथ्वी के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है और इंसानों का जीना मुहाल हो रहा है। कार्बन डाइऑक्साइड का मुख्य स्त्रोत ईंधन या कोयला है, जबकि खेती-किसानी से मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड गैसों का उत्सर्जन हो रहा है। क्लोरो-फ्लोरो कार्बन का मुख्य स्त्रोत फ्रिज और शीत ताप नियंत्रक उपकरण हैं। ये दोनों उपकरण पर्यावरण को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। जंगलों की अंधाधुंध कटाई की वजह से वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ रही है, क्योंकि इसे सोखने का काम पेड़-पौधे करते हैं। वर्ष 1750 की औद्योगिक क्रांति के बाद से कार्बन डाइऑक्साइड के स्तर में 30 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है, जबकि मीथेन के स्तर में 140 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। स्थिति इतनी गंभीर है कि वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर आठ लाख वर्षों के उच्च्तम स्तर पर पहुंच गया है। वायुमंडल के तापमान में वृद्धि को ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं। विगत 100 वर्षों में पृथ्वी के औसत तापमान में 0.8 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है, जिसमें 0.6 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी विगत 3 दशकों में हुई है। बीते कुछ दशकों में समुद्र के जल स्तर में हर साल 3 मिलीमीटर की बढ़ोतरी हुई है, क्योंकि हर साल 4 प्रतिशत की दर से ग्लेशियर पिघल रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक वर्ष 1850 की तुलना में 21वीं सदी के अंत तक पृथ्वी का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा। कभी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि 'प्रकृति हमारी जरूरतों को सदियों तक पूरा कर सकती है, लेकिन हमारे लालच को नहीं।' अभी पृथ्वी का औसत तापमान लगभग 15 डिग्री सेल्सियस है, लेकिन हमारे लालच के कारण यह निरंतर बढ़ रहा है,



जिससे मौसम का मिजाज बिगड़ने लगा है। हम प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन कर रहे हैं। जंगल कंक्रीट का जंगल बन गया है। नदी, तालाब, नहर को हमने अपना घर बना लिया है। हवा को भी हमने जहर बना दिया है, इसलिए कभी गर्मी के मौसम में बारिश हो रही है तो सर्दी के मौसम में भीषण गर्मी पड़ रही है। पहाड़ में भी तापमान 40 डिग्री की सीमा को पार कर रहा है।

पृथ्वी का 70.8 प्रतिशत हिस्सा समंदर है और समंदर से जमीन औसतन 20 सेंटीमीटर ऊपर है। वायुमंडल के गर्म होने से समंदर का विस्तार होता है और हिमखंड पिघलने से समंदर के पानी में बढ़ोतरी होती है। जलवायु परिवर्तन पर हुए पेरिस समझौते के अनुसार पृथ्वी के तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखना है। अगर इस समझौते का अक्षरशः अनुपालन किया जाए तो भी वर्ष 2100 तक समंदर के स्तर में 50 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हो जाएगी, जिससे जान-माल दोनों का भारी नुकसान होगा। इससे विश्व के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.8 प्रतिशत संपत्ति का नुकसान हर साल होगा। फिलहाल विश्व की 7.5 बिलियन आबादी समंदर की सतह से महज 1.5 मीटर की ऊंचाई पर रहती है, जिसके कारण वर्ष 2050 तक 1.4 बिलियन आबादी समंदर में समा जाएगी। दुनिया के कई शहर जैसे आस्ट्रिया, किरीबाती,भारत और चीन के कई तटीय इलाके आदि इसमें शामिल हो सकते हैं। वायुमंडल के तापमान में बढ़ोतरी से आने वाले दिनों में जल की कमी, खाद्यान्न उत्पादन में कमी, सूखा-बाढ़, तूफ़ान आदि प्राकृतिक आपदाओं में बढ़ोतरी होगी, जिससे इंसान एवं अन्य जीव-जंतुओं का जीना मुश्किल हो जाएगा। कई वनस्पतियों का अस्तित्व भी खत्म हो सकता है। एक अनुमान के अनुसार तापमान में 1 प्रतिशत की वृद्धि से आर्थिक विकास दर में हर साल 0.9 प्रतिशत की कमी आ सकती है। तापमान वृद्धि का नकारात्मक प्रभाव निम्न एवं मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ेगा।


जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाओं को रोकने में आर्थिक एवं विकास की स्थिति के अनुरूप विविध देशों को जीडीपी के 5 से 20 प्रतिशत तक की राशि खर्च करनी पड़ सकती है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार जलवायु परिवर्तन की वजह से 45 मिलियन भारतीय गरीबी रेखा के नीचे जा सकते हैं और भारत में बड़े पैमाने पर आय में असमानता बढ़ सकती है। समंदर का तापमान बढ़ने से कोरल रीफ़ शनैः शनै नष्ट हो जाएगा, जिससे प्रति वर्ष 375 बिलियन डॉलर का नुकसान हो सकता है। हमें मर्ज का इलाज मालूम है। केवल शुरू करने की जरूरत है। अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देकर और वृक्षारोपण से कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा को कम किया जा सकता है। पेट्रोल-डीजल चालित वाहन की जगह गैर मोटर चालित वाहन, जैसे साइकिल, रिक्शा आदि का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले गैसों के उत्सर्जन को रोका जा सकता है। लंबी दूरी के सफर को ई-वाहन के जरिये पूरा किया जा सकता है। हमारे देश में साइकिल और रिक्शा का अधिकतम प्रयोग मुमकिन भी है। ऊर्जा और संसाधन शोध संस्थान के विश्लेषण से पता चलता है कि भारतीय शहरों में यात्रा की 60 प्रतिशत लंबाई 5 किमी से कम और 80 प्रतिशत लंबाई 10 किमी से कम है। यदि 5 किमी की औसत दूरी को साइकिल से और 10 किमी की औसत दूरी के 50 प्रतिशत हिस्से को भी साइकिल से तय किया जाये तो पर्यावरण को तो लाभ होगा ही साथ खरबों रुपये की बचत भी होगी।

अभी देर नहीं हुई है, कोशिश करने पर कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, क्लोरो-फ्लोरो कार्बन आदि के उत्सर्जन पर लगाम लगाया जा सकता है, लेकिन इसके लिए हमें अपने लालच एवं स्वार्थ को त्यागना होगा। अगर हम विकास और प्रकृति के बीच संतुलन बनाकर चलेंगे तो निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन की मौजूदा रफ्तार में कमी आएगी।

(लेखक बैंक कर्मी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



*जयपुर के बाहरी इलाके में स्थित, गलताजी मंदिर एक प्रागैतिहासिक हिंदू तीर्थ स्थल है। इस मंदिर में आपको कई मंदिर, पवित्र कुंड, मंडप और प्राकृतिक झरने देखने को मिल जाएंगे। गलताजी मंदिर खूबसूरत पहाड़ियों में बसा हुआ है, जिसे देखने के लिए हर साल पर्यटकों की भीड़ जमा रहती है।*

## हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित
**दर्शन**

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

## समस्याएं तो आती-जाती रहेंगी, हमें रुकना नहीं चाहिए



संकलित
**प्रेरणा**

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए।संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए। निराश होकर रुकना नहीं चाहिए, लगातार आगे बढ़ते रहना चाहिए। तभी जीवन में कुछ उल्लेखनीय काम हो पाएंगे। आगे बढ़ते रहेंगे तो समस्याओं के हल भी मिलते जाएंगे।

## सुझाव
अतुल मलिकराम



# ऐसे बढ़ेगा मतदान प्रतिशत

लोकसभा चुनाव 2024 के पांच चरणों का मतदान पूरा हो चुका है, हालांकि अब तक हुई 429 सीटों पर औसत मतदान लगभग 57.44 प्रतिशत रहा है। खुद चुनाव आयोग 60 फीसदी से कम मतदान को चिंताजनक मानता है। ऐसे में उन कारणों पर बात करना जरूरी है जो लगातार मतदान के प्रति लोगों के कम होते रुझान की वजह हो सकते हैं या उन वजहों पर ध्यान देने की आवश्यकता है जो कम मतदान का कारण बन रहे हैं। इसके लिए सबसे पहले कुछ सवाल उठाने, उनके हल खोजने और कुछ सुविधाओं को सुलभ बनाने की आवश्यकता पर बात करना जरूरी है। ऐसा क्यों नहीं हो सकता कि देश का कोई भी वयस्क नागरिक कहीं से भी मतदान कर सके? क्यों न 75 वर्ष से ऊपर या बीमार व्यक्तियों के लिए एक मोबाइल पोलिंग बूथ की व्यवस्था हो? ऐसा क्यों नहीं हो सकता कि 75 वर्ष से ऊपर या जरूरतमंद मतदाताओं को लाने-छोड़ने की व्यवस्था हो। ऐसे ही क्यों न पर्यटन या जरूरी कामों से सफर कर रहे मतदाता भी अपने मताधिकार का उपयोग करने में सक्षम हों? यूं भी एक चुनाव में हजारों करोड़ रुपये का खर्च आता है, फिर ऐसी कुछ व्यवस्थाओं में कुछ करोड़ और खर्च कर के यदि मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है तो क्यों न इन उपायों पर गंभीरता से विचार किया जाए? चुनाव आयोग के नियमानुसार आपको आपके निर्वाचन क्षेत्र में ही मतदान देने का अधिकार है, लेकिन क्यों न ऐसी कोई व्यवस्था हो जो ऐसे मतदाताओं को कवर करती हो जो किसी भी कारण से अपने निर्वाचित क्षेत्र में मतदान वाले दिन उपलब्ध नहीं हैं। इन मतदाताओं के लिए प्रत्येक शहर में किसी भी निजी या सरकारी भवन में ऐसी व्यवस्था की जा सकती है, जिससे वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। हम एक एडवांस टेक्नोलॉजी वाले युग में जी रहे हैं, जहां हर रोज नए इन्वेंशन देखने को मिलते हैं, वहां क्या ऐसा कुछ नहीं हो सकता कि एक टेक्नोलॉजी बेस्ड सिस्टम हो। जाहिर तौर पर इसमें कुछ बेसिक दिक्कतें जरूर हो सकती हैं लेकिन इन्हीं दिक्कतों के ऊपर कम वोटिंग प्रतिशत का हल ढूंढा जा सकता है। जिस प्रकार सेना, सुरक्षा बलों या चुनाव ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारियों को अपने मतदान केंद्र पर जाने की जरूरत नहीं होती और वे अपने कार्य स्थल से ही बैलेट पेपर पर वोट डाल सकते हैं, ऐसी ही कुछ व्यवस्था उन लोगों के लिए भी हो जो विभिन्न कारणों से अपने पोलिंग स्टेशन पर उपलब्ध नहीं हो पाते। दूसरी ओर वर्तमान लोकसभा चुनाव की ही बात करें तो इस बार 100 साल से ज्यादा के 2.18 लाख वोटर हैं। क्यों न ऐसे वोटर्स के लिए एक मोबाइल बूथ की व्यवस्था हो। हर शहर में कुछ ऐसे मोबाइल बूथ कार्यरत हों जो चिह्नित मतदाताओं के एरिया में मौजूद हों, उनके घरों के समीप हों, जिससे उन्हें अपने मत का उपयोग करने में आसानी हो। इसी प्रकार 75 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को पोलिंग स्टेशन तक लाने-छोड़ने की व्यवस्था भी की जा सकती है। प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर मोबाइल हेल्थ केयर वैन, पीने के पानी आदि सुरक्षात्मक व्यवस्थाओं की पहल भी की जा सकती है। अंत में हम यह भी नहीं कह सकते कि वोट देना नागरिकों का कर्त्तव्य है तो कुछ भी कैसी भी परिस्थिति का सामना करके, वह अपने कर्त्तव्य का पालन करें। यदि कम होते वोट प्रतिशत में बढ़ोतरी करनी है तो उपरोक्त कारणों और उनके उपायों पर भी गंभीरता से विचार किया जा सकता है, क्योंकि यदि ऐसे ही वोटिंग प्रतिशत कम होता गया तो इसे नागरिकों के लोकतंत्र से उठते विश्वास के रूप में भी देखा जाएगा, जो भारत जैसे विकासशील देश के लिए सम्मानजनक स्थिति नहीं है।

(लेखक राजनीतिक रणनीतिकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आनलाइन ठगी के बावजूद नही सम्भल रहा है युवावर्ग

देश में आनलाइन ठगी की वारदात कम होने का नाम नही ले रहीं है। हररोज ठग युवाओं को अपनी जाल में फंसाते है। ठगी के समाचार हम अखबार में पढ़ते है लेकिन दूसरे दिन ऐसी घटना आकार ले लेती है। नौकरी के नाम पर युवा वर्ग ठगा जा रहा है। नौकरी का लालच देकर लाखों की रकम ऐंठ ली जाती है। शिक्षित वर्ग भी इनके झांसे में आते हैं। चंडीगढ़ में नौकरी का लालच देकर डेढ़ लाख रुपए ऐंठ लिए गए। गूगल पर नौकरी का मैसेज देकर युवा छात्रों को नौकरी के झांसे में फंसाया जाता है। युवा इनके झांसे में आ जाते है। अपराध जगत में ठग हमारे साथ घटना को अंजाम दे उसके पहले ठगों के मनोबल को तोड़ने और उनकी मीठी भाषा पर पकड़ की जरूरत है। **-कांतिलाल मांडोत, सूरत**

## करंट अफेयर

# डूबे पोत से मिले रुपए की लंदन में होगी नीलामी

वर्ष 1918 में लंदन से बंबई जाते समय समुद्र में एक पोत के डूबने के बाद उसके मलबे से मिले 10 रुपए के दो दुर्लभ भारतीय नोटों की अगले बुधवार को नीलामी की जाएगी। एसएस शिराला नामक पोत के मलबे से 10 रुपये के दो बैंक नोट बरामद किए गए थे, जिसे दो जुलाई, 1918 को एक जर्मन यू-बोट (पनडुब्बी) द्वारा डुबाया गया था। इन नोट पर 25 मई, 1918 की तारीख अंकित है। लंदन में नूनन्स मेफेयर नीलामी घर अपनी 'विश्व बैंकनोट' बिक्री के तहत इन नोटों को बोली लगाने के लिए पेश करेगा और अनुमान है कि इनकी कीमत 2,000 से 2,600 पाउंड के बीच रहेगी। नूनन्स में मुद्राशास्त्र से जुड़े मामलों की वैश्विक प्रमुख थॉमसिना स्मिथ ने कहा, 'इन नोटों की पूरी खेप के साथ मुरब्बे से लेकर गोला-बारूद तक सामग्री लंदन से बंबई भेजी जा रही थी, जब पोत को एक जर्मन यू-बोट द्वारा डुबा दिया गया।' उन्होंने कहा, कई नोट तैरकर किनारे पर आ गए जिनमें बिना हस्ताक्षर वाले पांच और 10 रुपये के नोट और एक रुपये के हस्ताक्षरित नोट शामिल थे। इनमें से एक रुपये का एक नोट इस नीलामी में भी शामिल है। अधिकांश नोट को बरामद कर लिया गया और बाद में सरकार द्वारा इन्हें नष्ट करा दिया गया और उनके स्थान पर नए नोट छापे गए।




## ऑफ बीट

# सूक्ष्मजीव के फिंगरप्रिंट से अपराध सुलझाने में मदद

जब आप किसी आपराधिक जांच के बारे में विचार करते हैं, तो आप जासूसों द्वारा घटनास्थल पर पाए गए सबूतों को सावधानीपूर्वक इकट्ठा करने और उनका विश्लेषण करने की कल्पना कर सकते हैं : जिनमें हथियार, जैविक तरल पदार्थ, पैरों के निशान और अंगुलियों के निशान शामिल हैं। हालांकि, यह अपराध में शामिल घटनाओं और व्यक्तियों की कड़ी जोड़ने के प्रयास की शुरुआत मात्र है। इस प्रक्रिया के मूल में 1900 के दशक के आरम्भ में फ्रांसीसी अपराध विज्ञानी एडमंड लोकार्ड द्वारा प्रतिपादित 'आदान-प्रदान का सिद्धांत' निहित है, जिसके अनुसार 'प्रत्येक संपर्क एक निशान छोड़ता है'। अपराध में शामिल पक्षों (पीड़ित, अपराधी, वस्तुएं, वातावरण) के बीच सामग्री का अदान-प्रदान घटनाओं की कड़ी को जोड़ने का आधार बनता है। लोकार्ड के समय में, ये निशान आम तौर पर ऐसी चीजें होती थीं जिन्हें आप आवर्धक लैंस या सूक्ष्मदर्शी (माइक्रोस्कोप) से देख सकते थे, जैसे पराग कण, मिट्टी और रेशे। हालांकि, इन सबूतों की सीमाएं थी क्योंकि आप इसे किसी खास व्यक्ति से नहीं जोड़ सकते। हमारे नवीनतम शोध में, हमने प्रस्तुत किया है कि कैसे किसी व्यक्ति की त्वचा पर मौजूद बैक्टीरिया उसके द्वारा पहने जाने वाले कपड़ों पर अपना निशान छोड़ते हैं - और कैसे ये निशान महीनों तक बने रहते हैं।



## ट्रेंड

### गर्व का क्षण



विशेष रूप से हमारे केन्द्रीय विद्यालय परिवार के लिए एक गर्व का क्षण। प्रीतिस्मिता को आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैंपियनशिप में उनकी उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं। वह चमकती रहें और ओडिशा तथा भारत को और अधिक गौरव दिलाती रहें।
**-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री**

### संघर्ष का नया अध्याय



सूडान में गहराता मानवीय दु:स्वप्न एल फैशर में बढ़ती शत्रुता के साथ अपने दूसरे वर्ष में प्रवेश कर गया है, जिससे इस संघर्ष में एक खतरनाक नया अध्याय खुल गया है। हमें युद्धविराम के लिए एक ठोस वैश्विक प्रयास की आवश्यकता है।
**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### इतिहास खुद को दोहरा रहा



इतिहास खुद को दोहरा रहा है, क्योंकि तंबाकू उद्योग हमारे बच्चों को एक ही निकोटीन अलग-अलग पैकेजिंग में बेचने की कोशिश कर रहा है। जब वे बच्चों के लिए अत्यधिक नशे की लत वाले उत्पादों का विपणन कर रहे हैं तो वे नुकसान में कमी के बारे में कैसे बात कर सकते हैं?
**-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

### स्वयं को खोना होगा



आध्यात्मिक पथ पर होने का मतलब ईश्वर के करीब जाने की कोशिश करना नहीं है - आप ईश्वर के साथ एक होने की कोशिश कर रहे हैं। अपने जीवन में कुछ सार्थक खोजने के लिए, स्वयं को खोना होगा।
**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## जैकेट के शेष

### आज पीएम मोदी में .....

पूरी तस्वीर स्पष्ट हो जाती है। छोटा सा उदाहरण है कि 4 करोड़ लोगों को पक्के मकान, 12 करोड़ शौचालय, 13 करोड़ घरों में नल से जल और 10 करोड़ बहनों को उज्जवला योजना के तहत गैस चूल्हा और सिलेंडर मुहैया कराने का बड़ा लक्ष्य पूरा किया गया है। यही नहीं पांच लाख तक का 60 करोड़ लोगों को मुफ्त में इलाज और 80 करोड़ लोगों में मुफ्त में राशन के अलावा 11 करोड़ किसानों को सम्मान निधि देने का जो मोदी सरकार ने काम किया है इससे हमारी सीधी कनेक्टिविटी आम जनता से हुई है। जहां तक विपक्ष के बात है तो उनके पास न नेता है और न ही नीति है और नीयत भी ठीक नहीं है। हिमाचल प्रदेश की जनता कांग्रेस पर हंसती है। वजह ये है कि दो रुपए किलो गोबर और 100 रुपए किलो दूध तो कांग्रेस खरीद नहीं पाई। वो क्या दे पाएगी?

**सवालः सब कुछ बेहतर था तो हिमाचल में विधानसभा चुनाव में आपकी सरकार क्यों नहीं बन पाई?**

**जवाबः** हम सरकार बनाने में पॉइंट 9 प्रतिशत के कारण रह गए हैं। लेकिन बीते 15-16 महीने को देखें तो राज्य की कांग्रेस सरकार की टांय-टांय फिस हो गई। 9 एमएलए छोड़कर चले गए। आप थोड़ा समझिए। कांग्रेस सरकार ने 1500 रुपए प्रति माह महिलाओं को देने का वादा किया था। 15 माह बीत गए। फूटी चवन्नी नहीं मिली। 5 लाख युवाओं को नौकरी देने की बात की थी, 300 यूनिट बिजली मुफ्त में देने का वादा किया था। ये सब कहां है, किसी को कुछ नहीं मिला।

**सवालः दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के बारे में आप क्या कहेंगे?**

**जवाबः** जेल जाने और भ्रष्टाचार करने में कीर्तिमान बना चुके आम आदमी पार्टी के नेता, मंत्री और उपमुख्यमंत्री के अलावा खुद सीएम केजरीवाल हैं जो भ्रष्टाचार के मामले में जेल से बाहर आए हैं। उनकी हम क्या बात करें। जो ईमानदारी का राग अलापते - अलापते खुद जेल चले गए। उनसे पहले उनका शिक्षा,स्वास्थ,आबकारी जैसे विभागों के मंत्री भ्रष्टाचार के मामले में जेल गए हैं। रही सही कसर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल के साथ हुई मारपीट ने पूरी कर दी। लात घूंसे मारने की घटना ने आम आदमी पार्टी की छवि बहुत खराब की है।

**सवालः एक सवाल ये भी उठ रहा है कि अब पीएम मोदी भी 75 साल के हो जाएंगे तो क्या बहुत कुछ बदलेगा?**

**जवाबः** आज पीएम मोदी में 20 साल के युवा जैसी ऊर्जा है। वे 18-19 घंटे लगातार काम करते हैं। अपने जीवन को उन्होंने देश के लिए समर्पित किया है। ऐसा एक भी हो तो बता दीजिए। पीएम मोदी में जनता और देश के प्रति जबरदस्त समर्पण का भाव है। वे गरीबों के प्रति काफी भावुक हैं। रात-दिन उनके मन में सिर्फ और सिर्फ जनकल्याण ही चलता रहता है। पीएम पहले भी लोकप्रिय और देश के लिए समर्पित नेता थे और आज भी हैं। आज पूरी दुनिया में उनकी लोकप्रियता बढ़ी है।

**सवालः आपकी पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा। उनका बयान चर्चित हुआ है कि अब आरएसएस की जरूरत नहीं है। हम बड़े हो गए हैं। हम इसका मतलब क्या समझें?**

**जवाबः** देखिए, भारतीय जनता पार्टी दो सांसदों वाली थी। आज 303 लोकसभा और 100 राज्यसभा में सांसद हैं। आज दुनिया में सबसे बड़ी पार्टी भाजपा है। सबसे ज्यादा सांसद, विधायक, महापौर आदि भाजपा के पास हैं। जहां तक संघ परिवार का सवाल है तो वो हमारी विचारधारा है, हमें मार्गदर्शन मिलता है। आपको हमेशा मार्गदर्शन की जरूरत होती और आगे भी रहेगी।

**सवालः यहां राज्य में कांग्रेस सरकार है। आपकी राह को कितना मुश्किल किया है?**

**जवाबः** कांग्रेस अपना धर्म निभा रही है। हम अपना धर्म निभा रहे हैं। वे राम मंदिर पर बुलडोजर चलाने की बात करते हैं। हम बनाने की बात करते हैं। वे गारंटियां देकर मुकर जाते हैं। हम जो कहते हैं उसे पूरा करके दिखाते हैं। अनुच्छेद 370 और 35 ए हटाई,तीन तलाक से मुस्लिम बहनों को निजात दिलाई। सीएए कानून बनाया। भाजपा जो कहती है वो करके दिखाती है। देश की अर्थव्यवस्था को 5वें नंबर पर लेकर आए। वो सत्ता का सुख भोगने के लिए आते हैं और हम सेवा करने के लिए आते हैं। बस, यही हमारे और उनके बीच का अंतर है। चारों लोकसभा और 6 की 6 विधानसभा जीतकर दिखाएंगे।

**सवालः मणिपुर और म्यांमार के मामले में आपका क्या नजरिया है?**

**जवाबः** देखिए, कुछ लोग राजनीति करने के लिए मणिपुर में आग लगाने का असफल प्रयास करते हैं। वहां चुनी हुई सरकार है और बेहतर काम कर रही है। जहां तक हिमाचल की बात है तो वहां मैं जाता हूं लेकिन मुझे हमीरपुर ज्यादा पसंद है। यहां मुझे लोगों का बहुत आशीर्वाद मिलता है। इसलिए, मुझे हमीरपुर बहुत भाता है। हम लोग केवल पार्टी के कार्यकर्ता के तौर पर काम करते हैं जो आदेश मिलता है उसे ईमानदारी से पूरा करने की कोशिश करते हैं।

**सवालः हमीरपुर की आप तारीफ कर रहे हैं। हमीरपुर ने आपको बहुत कुछ दिया है। वहां की जनता को क्या मिला?**

**जवाबः** पीएम मोदी ने हमीरपुर को बहुत कुछ दिया है यहां एम्स बनाया है,नर्सिंग कॉलेज बने हैं, हाईवे बना दिया,रेलवे लाइन बिछा दी, 12 ट्रेनें चालू करवा दी। आईआईटी बनवा दी। जहां तक ऊना से हमीरपुर रेलवे लाइन का सवाल है तो ये खुद कांग्रेस ने रुकवा दी। राज्य सरकार ने अपने हिस्से का पैसा नहीं दिया जबकि केंद्र सरकार ने उन्हें चिट्ठी लिखी लेकिन उनके पास विकास के कामों के लिए समय ही नहीं है। विकास के कई कामों में राज्य की कांग्रेस सरकार ने अड़ंगे डालने की कोशिश की है। आने वालें समय में ईश्वर की इच्छा रही तो कांग्रेस सरकार भी हट जाएगी और विकास का रास्ता पूरी तरह खुल जाएगा।

**सवालः भाजपा का नारा 400 पार का है आप कितना दबाव महसूस कर रहे हैं?**

**जवाबः** हम दबाव लेते नहीं देते हैं... पिछली बार हमने 303 सीटें लोकसभा की जीती थी और 70 सीटों पर हम दूसरे नंबर पर रहे। इसलिए हमने अपने लिए 370 और एनडीए मिलाकर 400 सीटों का लक्ष्य रखा है। बीते पांच चरणों के मतदान में हम बहुत आगे रहे हैं और चुनाव पूरा होते होते हम अपने लक्ष्य को आसानी से पार कर लेंगे। कांग्रेस देश की 320 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है वो तो सत्तर साल पुरानी पार्टी है।

### 72 घंटे चली मुठभेड़, शव ...

शव के साथ थ्री नॉट थ्री रायफल, 315 बंदूक, 12 बोर बंदूक के अलावा 4 नग एसबीएमएल के साथ ही भारी मात्रा में विस्फोटक, दवाइयां, माओवादी वर्दी, माओवादी साहित्य व अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की है।

**7-8 बार रुक रुककर फायरिंग :** एसपी दंतेवाड़ा गौरव रॉय ने बताया कि 21 मई को नारायणपुर व बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में प्लाटून नंबर 16 और इंद्रावती एरिया कमिटी के नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बस्तर जिले के डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के साथ एसटीएफ की टीमें संयुक्त नक्सल गश्त सर्च अभियान पर निकली थी। सर्चिंग के दौरान 23 मई की सुबह 11 बजे से 24 मई की सुबह 9 बजे तक लगभग 7-8 बार रुक रुककर फायरिंग चलती रही।

**इनके नेतृत्व में टीम हुई थी रवाना, नक्सल कैम्प भी किया ध्वस्त :** रेकावाया के जंगल में प्रतिबंधित भाकपा माओवादियों के माड़ डिविजन एवं पूर्वी बस्तर डिविजन के अंतर्गत इंद्रावती एरिया कमिटी के डीवीसीएम दीपक, कमलाकर, सपना उर्फ सपनक्का, प्लाटून नंबर 16 का कमांडर मल्लेश के साथ 50-60 सशस्त्र माओवादियो की मौजूदगी की सूचना पर दंतेवाड़ा डीएसपी राहुल उइके, आशीष नेताम के अलावा नारायणपुर से डीएसपी प्रशांत देवांगन की नेतृत्व में दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बस्तर जिले के डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के साथ एसटीएफ की संयुक्त टीम नक्सल उन्मूलन अभियान पर निकली थी। इस दौरान सुरक्षाबलों ने ग्राम रेकावाया के जंगल में माओवादियों के द्वारा स्थापित अस्थाई ट्रेनिंग कैम्प को ध्वस्त किया गया। **15 किलो की आईईडी बरामद, फोर्स से बचने वर्दी की जगह सिविल ड्रेस पहना :** शुक्रवार को ऑपरेशन जलशक्ति की सफलता के बाद वापस लौट रहे सुरक्षा बल को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से माओवादियों ने 15 किलो की आईईडी प्लांट किया था, जिसे सुरक्षा बलो के द्वारा सुरक्षित रूप बरामद कर मौके पर नष्ट किया गया। इस दौरान माओवादी घेराबंदी में स्वयं को फंसता देखकर बचने के लिए माओवादियो ने वर्दी बदलकर सिविल कपड़े पहन लिए। घेराबंदी के समय कुछ संदेहियों को पकड़ कर पूछताछ करने व अग्रिम कार्यवाही के लिए जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा लाया जा रहा है। एसपी ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन जलशक्ति 21 मई को शुरू किया गया था, जो 24 मई तक लगभग 72 घंटे तक जारी रहा।

### 11 साल पहले ....

केंद्र में कांग्रेस की यूपीए सरकार। घटना को घटित हुए शनिवार को 11 साल पूरे हो जाएंगे, लेकिन 30 से अधिक राज नेताओं, पुलिस जवानों और आम नागरिकों को हमेशा के लिए मौत के घाट उतारने वाले असली गुनाहगार पकड़ से बाहर हैं। इन 11 सालों में राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित झीरम गांव की हालत में बहुंत ज्यादा बदलाव नहीं आया है। गरीबी, बदहाली और दयनीय स्थिति में लोग अब भी हैं, अलबत्ता विकास की दिशा में इलाका थोड़ा आगे बढ़ा है। झीरम इलाका सबसे ज्यादा खतरनाक इसलिए माना जाता था, क्योंकि तुलसीडोंगरी पर नक्सलियों का एकछत्र राज था,जहां से वे ओडिशा और छत्तीसगढ़ में अपनी सत्ता चलाते थे। नक्सल राज एक तरह से इस इलाके में काफी मजबूत हालत में था। घटना को हुए 11 साल बीत रहे हैं, लेकिन खौफ आज भी कायम है। क्षेत्र में शांति आई है गांव तक चमचमाती पक्की सड़कें बन गई है, सड़क बनने से काफी सारी समस्याएं अपने आप कम हो जाती है। गांव में बिजली, पानी, राशन, स्कूल, आंगनबाड़ी सब ठीक ठाक लोगों के पहुंच में आ जाते हैं। झीरम घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर घटना स्थल में और उसके आगे सुकमा जिले के पास झीरम-1 और झीरम-2 कैंप खुले हैं। यह कैंप आज भी स्थापित हैं, जहां दिन-रात जवान ड्यूटी बजा रहे हैं। दिन में वही सन्नाटा और रात में गुजरने वालों को 11 साल पहले का खौफ वाला मंजर महसूस होता है। वैसे आज भी समझदार लोग इस मार्ग से गुजरने से बचते हैं, विशेषकर राजनीति से जुड़े लोग। चांदामेटा में कैंप खुलने के बाद ओडिशा से छत्तीसगढ़ आकर वारदात को अंजाम देकर वापस ओड़शिा चले जाने का नक्सलियों का काम बंद हो गया है। कोलेंग और एलंगनार जैसे नक्सल प्रभावित अतिसंवेदनशील गांव तक सड़क बनने से विकास की किरण इन गांवों तथा आसपास के क्षेत्रों में पहुंची है।

**शीर्ष जांच एजेंसियों का उपयोग क्यों नहीं :** झीरम घटना में कांग्रेस ने अपने शीर्ष नेताओं को खोया है। दुर्भाग्य की बात है कि 11 साल घटना को हो चुके और अभी भी पूरा सच सामने नहीं आया है। देश में बड़ी-बड़ी जांच एजेंसियां है, उसका उपयोग झीरम कांड की जांच में नहीं होना सोचनीय बात है। बस्तर का हर व्यक्ति चाहता है कि असली गुनाहगार सलाखों के पीछे हो, लेकिन यह नहीं होना दुर्भाग्यजनक है। भूपेश सरकार के समय जांच हुई थी, बावजूद क्या कुछ हुआ यह सामने नहीं आ पाया है। झीरम कांड में बचने वालों में मैं भी शामिल था। मेरे अलावा कई कांग्रेसी बच गए थे, सभी चाहते हैं कि सच सामने आए।

**- लखेश्वर बघेल**, विधायक बस्तर

### उम्मीद अब ....

किसने कराया इसके पीछे किसका हाथ था और बड़े नक्सली लीडर जो इसमें शामिल थे वे क्यों पकड़ में नहीं आए, यह सवाल आज भी जनमानस के जहन में है।

### पूर्व आईएएस रानू ....

सहित अन्य आरोपियों से तीन दिन जेल में पूछताछ करने के बाद गुरुवार को दोनों को चार दिन की रिमांड पर लिया है। दोनों पूर्व अफसरों से प्रारंभिक पूछताछ के आधार पर जांच एजेंसी ने पीयूष को पकड़ा है। पीयूष का पांडुका में ज्वेलरी शॉप के अलावा हार्डवेयर का कारोबार है।

### रोज हो रहे ....

सरकार सिर्फ दुर्घटनाओं के बाद मुआवजा बांटने के लिए है। मामले की अगली सुनवाई 26 जून को होगी। गौरतलब है कि कवर्धा जिले में कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी के पास बीते 20 मई को भीषण हादसा हो गया था। जिसमें तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप पलट कर खाई में गिर गई और 15 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं चार घायलों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। 10 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार को इस केस की प्रारंभिक सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने कहा कि जिस तरह से पिकअप में इतने लोगों को बैठाया गया था और वह पलट गई, यह गंभीर घटना है।

**सुप्रीम कोर्ट ने बनाई है रोड सेफ्टी सेल :** मामले की सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच ने यह भी कहा है कि देश में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसे रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने गाइडलाइन जारी किया है, जिस पर राज्य शासन क्या कार्रवाई की है, इसकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें। ध्यान रहे कि सुप्रीम कोर्ट ने देश भर में सड़क हादसे रोकने के लिए रोड सेफ्टी सेल का गठन करने का आदेश दिया है।

### हर जिले में एक ....

से जुड़ी रिपोर्ट सार्वजनिक भी करेगी। इस पर केंद्र और राज्य स्तर पर निगरानी रखने के साथ ही जिन स्थानों पर लगातार हादसे हो रहे हैं, वहां पर इसकी रोकथाम के लिए विस्तृत योजना भी तैयार की जाएगी।

### ऑइनलाइन रजिस्ट्रेशन....

से ज्यादा लोगों को पंजीयन न होने के कारण वापस लौटा दिया गया। बिना दर्शनों के घर जा रहे तीर्थ यात्रियों का कहना है कि उत्तराखंड पहुंचने के बाद भी चारधाम के दर्शन न कर पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह उनके जीवन का सबसे बड़ा अनुभव है। इन लोगों को ऋषिकेश में अस्थाई पंजीकरण के लिए रोका गया था। फिर अचानक अस्थाई पंजीकरण की व्यवस्था भी बंद कर दी गई, इसलिए तीर्थ यात्रियों को बिना दर्शन के घर लौटना पड़ा।

## पेज एक के शेष

### आज से तपेगा...

वातावरण में नमी की मात्रा अधिक होने की वजह से रात में गर्मी में ठंडकता महसूस हो रही है, मगर शुष्क हवा के प्रभाव से आने वाले दिनों में रात भी गर्म होगी।

### प्रधान, गुर्जर, इंद्रजीत...

एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह, हरियाणा की सिरसा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा, हिसार से हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री रणजीत चौटाला सियासी साख भी दांव पर लगी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की उत्तर पूर्व दिल्ली सीट से भाजपा प्रत्याशी भोजपुरी गायक मनोज तिवारी और कांग्रेस के कन्हैया कुमार, नई दिल्ली सीट से भाजपा की बांसुरी स्वराज, उत्तर पश्चिम दिल्ली से कांग्रेस के उदित राज, हरियाणा की गुडगंव से फिल्म अभिनेता राजबब्बर, जैसे दिग्गज चुनावी मैदान में हैं।

### जन समस्याओं पर...

चौपाल पोर्टल में मिले समस्याओं के त्वरित और उचित निदान के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत नोडल अधिकारी और अपीलीय अधिकारी की नियुक्ति की जानी है। मंत्रालय स्तर पर अवर सचिव नोडल अधिकारी होंगे जबकि उपसचिव अपीलीय अधिकारी होंगे। इसी तरह जिला स्तर पर डिप्टी कलेक्टर अथवा संयुक्त कलेक्टर नोडल अफसर होंगे और अपर संचालक को अपीलीय अधिकारी का दायित्व मिलने जा रहा है, जबकि संचालनालय स्तर पर सहायक संचालक नोडल अफसर होंगे और अपर कलेक्टर अपीलीय अधिकारी होंगे।

### 15 दिनों में करना...

अपनी मुहर लगाएंगे। व्यवस्था यह होगी कि जिन विभागों या जिलों के द्वारा पंद्रह दिन के भीतर आवेदनों का सही तरीके से निराकरण नहीं किया जा रहा हो तो उसकी सूची स्वतः ही पोर्टल पर प्रदर्शित हो जाएगी। इतना ही नहीं साय सरकार ने आवेदकों को उसके आवेदन के निराकरण की जानकारी तथा निराकरण के बाद फीडबैक एवं अपील करने की सुविधा दिया जाना तय किया है। जिससे आवेदक के प्रकरणों के निराकरण की गुणवत्ता में वृद्धि हो सके।

### महासुहृत महाशाक्त यज्ञ में...

को शक्ति देने की क्रिया अनुष्ठान की गई। ताकि राजा को शक्ति मिल सके। मुख्यमंत्री साय ने जनकल्याण, लोककल्याण के लिए मां भगवती से प्रार्थना किए। जिससे छत्तीसगढ़ के अंतिम पंक्ति के लोगों तक सरकार की योजना पहुंचे और उनका कल्याण व उत्थान हो। उन्होंने श्री राजीव रकुल जी का आशीर्वाद लिया और आभार प्रकट किया कि उन्होंने सर्व हिंदू समाज और सनातन धर्म के लिए महा यज्ञ का छत्तीसगढ़ में आयोजन किया। जिससे कुलदेवी, कुलगुरु और पृत को शक्ति मिले। इससे सबका कल्याण हो। भारत विश्व गुरु बनें। आखिरी दिन विशेष अनुष्ठान में संघ के छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश के प्रमुख डॉ. पुर्णेंदु सक्सेना, भाजपा दुर्ग जिला अध्यक्ष जीतेंद्र वर्मा, भाजपा प्रवक्ता, विहिप और बजरंग दल से जुड़े लोग शामिल हुए।

### स्वामी आत्मानंद स्कूलों के...

अनुदान मद से दिया जाएगा। संविदा कर्मियों के लिए ये एक बड़ी राहत की खबर है। वजह ये हैं कि इन कर्मियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला था। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि विभागीय प्रस्ताव अनुसार स्वामी आत्मनांद योजना के तहत संचालित विद्यालयों में संविदा पर कार्यरत कर्मियों को वेतन भुगतान उत्कृष्ट शाला संचालन योजना के प्रावधानित अनुदान मद से किए जाने की सहमति दी जाती है। इस संबंध में वित्त विभाग ने भी सहमति दे दी है। **पांच हजार संविदा कर्मी हैं इन स्कूलों में :** राज्य में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सरकारी स्कूलों का उन्नयन कर उनमें अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई शुरु करवाई गई थी। प्रदेश में करीब 403 स्वामी आत्मानंद स्कूल कार्यरत हैं। इन स्कूलों में पांच हजार कर्मी संविदा आधार पर सेवाएं दे रहें है। इन संविदा कर्मियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिल रहा था। यह मामला सामने आने के बाद इस मामले की उच्च स्तरीय शिकायतें भी गईं थी। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 2 मई को शासन को पत्र भेजे जाने की जानकारी मिली है। इसके बाद राज्य सरकार ने मामले पर विचार करने के बाद 24 मई को स्कूल शिक्षा विभाग ने संविदा कर्मियों को वेतन देने संबंधी आदेश जारी किया है।

### लोक शिक्षण संचालक...

संविदा पर काम करने वाले कर्मचारियों का वेतन भुगतन उत्कृष्ट शाला संचालन योजना में स्थापना अनुदान मद में आवंटित राशि में से भुगतान करने सुनिश्चित करें। छत्तीसगढ़ के स्वामी आत्मानंद स्कूलों के संविदा कर्मियों से जुड़ी बड़ी खबर है। आत्मानंद स्कूलों के संविदा कर्मियों को अब सीधे सरकार से वेतन मिलेगा। संविदा कर्मियों को लोक शिक्षण संचालनालय वेतन देगा। लोक शिक्षण संचालनालय की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों एवं सचिव को इस संबंध में जारी कर दिया गया है।

## दिल्ली ने दिए कई सियासी सिकंदर

# सुचेता कृपलानी, आडवाणी, सुषमा समेत कई पहुंचे सियासत के शिखर पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली





देश की सियासत में बुलंदी पर पहुंचे कई नेताओं के लिए दिल्ली उड़ान पट्टी साबित हुई है। यहां से चुनाव जीतकर कई नेता सियासत के शिखर पर पहुंचे हैं। तीन नेता ऐसे रहे जो यहां से पहली बार चुनाव जीतकर लोकसभा में पहुंचे थे। वहीं, तीन नेताओं को यहां से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद केंद्र सरकार में महत्वपूर्ण पद मिलने की शुरुआत हुई थी। दिल्ली से लोकसभा चुनाव जीतकर देश की राजनीति में अपना नाम रोशन करने वाले नेताओं में सबसे पहले सुचेता कृपलानी का नाम आता है। वह वर्ष 1952 में नई दिल्ली क्षेत्र से लोकसभा चुनाव जीती थी। इस बीच वह उत्तर प्रदेश चली गई और वर्ष 1960 में वह वहां से विधायक बनी। इस दौरान उनको राज्य सरकार में मंत्री बनाया गया और करीब तीन साल बाद वर्ष 1963 में वह उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनीं। इस तरह वह देश के किसी राज्य में यह पद संभालने वाली पहली महिला बनी थीं।

### आडवाणी का पहला चुनाव

भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी ने भी अपना पहला लोकसभा चुनाव दिल्ली से ही लड़ा था। उन्होंने वर्ष 1989 में पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा था। इसके बाद देश की राजनीति में उनके सितारे बुलंद होने शुरू हुए। वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बने और उसके बाद वह देश के उपप्रधानमंत्री भी नियुक्त हुए। उन्होंने वर्ष 1991 में भी नई दिल्ली क्षेत्र से चुनाव जीता था। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार व सिने जगत के पहले सुपर स्टार राजेश खन्ना को हराया था। हालांकि इससे पहले वह राज्यसभा के सदस्य रहे थे। इस दौरान वह वर्ष 1977 में केंद्रीय मंत्री भी बने थे।

### स्वराज का सियासी सफर

भाजपा की तेजतर्रार नेता व दिल्ली की पहली महिला सीएम सुषमा स्वराज ने भी दिल्ली से चुनाव लड़कर लोकसभा में पहुंचने का सिलसिला आरंभ किया था। वर्ष 1996 में राज्यसभा का कार्यकाल समाप्त होने के बाद वह दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र से चुनाव लड़ी और अपने पहले लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने में सफल रही। चुनाव बाद अटल बिहारी वाजपेयी की 13 दिन की सरकार में वह मंत्री भी बनी थी। इसके बाद उन्होंने वर्ष 1998 में भी दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र से चुनाव जीता था। तब भी उनको केंद्र सरकार में मंत्री बनाया गया था। इस दौरान भाजपा ने साहिब सिंह की जगह उनको दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया था। वह 2009-14 के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रही थी। उन्होंने मोदी सरकार में विदेश मंत्री का पद संभाला था।

## पीएम मोदी का आरक्षण को लेकर कांग्रेस से सवाल

# ‘ब्राह्मण-बनिया परिवार में गरीब नहीं होते क्या?’

एजेंसी ▶▶ शिमला



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के शिमला में रैली की। इस दौरान कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने सवाल किया कि क्या ब्राह्मण-बनिया परिवार में गरीब नहीं होते हैं। आखिर उन्हें आरक्षण की जरूरत क्यों नहीं है। उन्होंने आगे कहा, 'कांग्रेस ने सोचा ही नहीं कि सामान्य वर्ग में भी गरीब होते हैं। उनकी चिंता ही नहीं की। मोदी ने आकर जो समाज आरक्षण के दायरे से बाहर था, उनके गरीब बच्चों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण कर दिया। कहीं झगड़ा नहीं हुआ।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'संविधान सभा और बाबा साहब आंबेडकर ने जिनको आरक्षण दिया। कांग्रेस वालों ने इस आरक्षण को खत्म करके अपने वोट बैंक मुसलमानों को आरक्षण देना चाहा। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार बनने के बाद उन्होंने ऐसा कर भी दिया। कांग्रेस ने वंचितों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे दिया।

### कांग्रेस पार्टी का कोई भी सगा नहीं

गाल के मामले पर टिप्पणी करते हुए पीएम मोदी ने कहा,'हाल ही में कलकत्ता हाई कोर्ट ने मुसलमानों की 77 जातियों के आरक्षण को खत्म कर दिया। कांग्रेस वालों ने इन्हें रातोरात ओबीसी बना दिया था। ऐसा करके कांग्रेस ने ओबीसी के हक पर डाका डाल दिया। अब कोलकाता हाई कोर्ट के फैसले के बाद यह लोग बौखला गए हैं। इनके लिए संविधान कोई मायने नहीं रखता। इनका सबसे सगा कोई है तो वह है वोटबैंक. कांग्रेस राम मंदिर का विरोध भी अपने वोटबैंक को खुश करने के लिए ही कर रही है।'

### ...तब सिर पर चढ़कर नाचता था पाक

सीमा सुरक्षा पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा,'हिमाचल प्रदेश सीमा से सटा राज्य है। यहां के लोग मजबूत और ताकतवर सरकार का मतलब जानते हैं। मोदी आपके लिए जान की बाजी लगा देगा। लेकिन आप पर कभी संकट नहीं आने देगा। आपने कांग्रेस का दौर देखा है, जब एक कमजोर सरकार देश में हुआ करती थी, तब पाकिस्तान हमारे सिर पर चढ़कर नाचता था। कांग्रेस की कमजोर सरकार दुनिया में गुहार लगाती फिरती थी। लेकिन मोदी ने कहा कि भारत अब दुनिया के आगे भीख नहीं मांगेगा, बल्कि अपनी लड़ाई खुद लड़ेगा और फिर भारत ने घर में घुसकर मारा।

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा

# ‘जब भाजपा हर जगह हार रही है, तो कैसे आएंगे 400 सीटें’

एजेंसी ▶▶ कलबुर्गी (कर्नाटक)



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को हैरानी जताई कि जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हर जगह हार रही है, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कैसे 400 से ज्यादा सीट जीतने का नारा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन ‘इंडिया’ को बहुमत मिलने की पूरी संभावना है। खड़गे ने यहां अपने गृहनगर कलबुर्गी में संवाददाताओं से कहा कि जनता ने विपक्षी गठबंधन ‘इंडिया’ को अच्छा समर्थन दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह चुनाव जनता और प्रधानमंत्री मोदी के बीच है, क्योंकि लोग अब परेशान हो चुके हैं, खासकर बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और भारतीय संविधान पर बड़ा हमला किया जा रहा है।

### महाराष्ट्र में मिलेगी 50 सीट

खड़गे ने चिन्हित किया, ''हमारी सहयोगी पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सत्ता में है। हमें केरल में अधिक सीट मिलेंगी। महाराष्ट्र में हमारे आघाडी (गठबंधन) को 50 फीसदी से ज्यादा सीट मिलेंगी। मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि हर जगह हारने के बावजूद कैसे वह (भाजपा)ज्यादा सीट जीतने का दावा कर रहे हैं।'' उन्होंने हैरानी जताई, ''राजस्थान में हम शून्य थे। इस बार हमें सात से आठ सीट मिल रही हैं।

# मैरिज सर्टिफिकेट बनवाते समय देना होगा दहेज का विवरण

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

■ यूपी सरकार ने जारी किए आदेश

उत्तर प्रदेश में विवाह प्रमाण पत्र बनवाते समय अब वर-वधु को दहेज का भी विवरण देना होगा। इस संबंध में शासन ने निबंधन विभाग को निर्देश जारी किया है। जानकारी के मुताबिक, विवाह प्रमाण पत्र बनाने के लिए हजारों की तादाद में आवेदन किए जाते हैं। नियमों के मुताबिक, वर-वधु पक्ष की ओर से विवाह का कार्ड ,आधार कार्ड, हाई स्कूल की मार्कशीट के साथ दो गवाहों के दस्तावेज भी लगाए जाते हैं। अब उनके साथ में दहेज के शपथ पत्र को भी अनिवार्य कर दिया गया है और इसके लिए कार्यालय में नोटिस भी लगा दिया गया है। इस शपथ पत्र में शादी के लिए दिए गए दहेज का ब्यौरा देना होगा। अधिकारी दीपक श्रीवास्तव के मुताबिक, शासन की ओर से विवाह प्राप्त के लिए शपथ पत्र अनिवार्य किया गया है और सभी को यह निर्देशित कर दिया गया है कि डॉक्यूमेंट के साथ दहेज का प्रमाण पत्र भी दें।

## राशिफल

**मेष** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** मन परेशान रहेगा। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि भी हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** मन अशान्त हो सकता है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कुटुम्ब परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्चों में वृद्धि होगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में पदोन्नति के साथ परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।


**धनु** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान भी हो सकता है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मकर** जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।

**कुंभ** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5521



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

### शब्द पहेली- 5520 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | ■ | स | म | झ | दा | र |
| म | ■ | र | ह | म | ■ | म | द | न | ■ | म |
| र | त | ■ | ■ | ची | ■ | झौ | ■ | ■ | वा | णी |
| ख | स | ■ | ना | न | ख | ता | ई | ■ | य | य |
| ना | ला | य | क | ■ | त्म | ■ | मा | त | ह | त |
| ■ | ■ | ■ | क | था | ■ | का | न | ■ | ■ | ■ |
| प | न | घ | ट | ■ | आ | ■ | दा | न | वी | र |
| व | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | र | वि |
| न | म | ■ | ■ | म | ■ | चा | ■ | ■ | ता | न |
| सु | ■ | आ | स | व | ■ | ल | ह | र | ■ | य |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | क | ब | ज | न |

## सूडोकु नवताल - 5532

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5531 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

# पोप फ्रांसिस 15 साल के लड़के को देंगे संत की उपाधि

**कब्र पर होता है चमत्कार मौत को हो गए 18 साल**

एजेंसी ⏭ वेटिकन सिटी

15 साल के एक ऐसे लड़के को संत की उपाधि मिलने जा रही है, जिसकी कब्र पर चमत्कार होता है। उसे ईश्वर का प्रचारक कहा जाता है। उसकी कही बातें, उसकी मौत के बाद सच साबित हुई हैं। हम बात कर रहे हैं लंदन में पैदा हुए कार्लो अकुतिस की. कार्लो अकुतिस को ल्यूकेमिया की बीमारी थी और 2006 में जब उसकी मौत हुई तो वो महज 15 साल का था। लेकिन इस छोटी सी उम्र में उसने ऐसे-ऐसे चमत्कार किए, जिसने पोप फ्रांसिस तक को हिलाकर रख दिया। उसे गॉड इंफ्लुएंसर और इंटरनेट का संरक्षक संत तक कहा जाता था। यही वजह है कि मौत के 18 साल बाद पोप फ्रांसिस उसे कैथोलिक चर्च का पहला सहस्राब्दि संत घोषित करने जा रहे हैं, जहां उसे मृत्यु के बाद कई तरह के चमत्कार करने का श्रेय दिया जाएगा। कार्लो अकुतिस का पार्थिव शरीर असीसी शहर में प्रदर्शन के लिए रखा गया है। वह अपने पसंदीदा नाइकी के जूते, जींस और स्वेटशर्ट पहने नजर आता है।

**कैथोलिक चर्च का पहला सहस्राब्दि संत होगा घोषित**



## मम्मी-पापा से कहा, मैं मरकर खुश हूं

ब्रिटेन के एक मर्चेंट बैंकर के घर पैदा हुए कार्लो अकुतिस पांच साल की उम्र से ही अपना जेबखर्च गरीबों में दान कर देता था। स्कूल में उत्पीड़न के शिकार लोगों की सहायता करता था। गरीबों को खाना पकाने का सामान बांटता था। उन्हें घर में रखा कंबल ले जाकर दे आता था। जब उसे पता चला कि ल्यूकेमिया हो गया है और वो मरने वाला है, तो उसने मम्मी-पापा से कहा, मैं मरकर खुश हूं, क्योंकि मैंने अपनी जिंदगी में कोई ऐसा काम नहीं किया, जिससे ईश्वर दुखी हों. मौत के लगभग 18 साल बाद अब उसके चमत्कारों को पोप फ्रांसिस मान्यता देने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 2 साल पहले कार्लो ने जो चमत्कार किया, वो कोई संत ही कर सकता है।

## जब उसे भगवान का दूत मानने लगे लोग

दरअसल, 2022 में कोस्टारिका की रहने वाली एक महिला की 21 वर्षीय बेटी कॉलेज जाते समय बाइक एक्सिडेंट में गंभीर रूप से घायल हो गई। उसकी ब्रेन में चोट आई और रक्तस्राव होने लगा। उसकी सर्जरी हुई, लेकिन वह कोमा में चली गई। छह दिन बाद महिला इटली में कार्लो की कब्र पर गई और अपनी बेटी के लिए प्रार्थना की। चर्च का दावा है कि महिला जब कब्र से लौटी तो उसकी बेटी के अंग फिर से काम करने लगे थे। वह कोमा से बाहर आ चुकी थी और बोलने लगी थी। उसके मस्तिष्क में जो रक्तस्राव हो रहा था, वह बंद था। उसके सिर पर सर्जरी की वजह से जो निशान थे, वह भी गायब हो गए थे। इतना ही नहीं, सिर्फ 10 दिन में उसे अस्पताल से छुट्टी मिल गई। यह खबर इतनी तेजी से फैली कि कार्लो को गॉड का दूसरा रूप माना जाने लगा।

## खबर संक्षेप

### तीन और बंधकों के शव गाजा से बरामद : इजराइल

**तेल अवीव (इजराइल)।** इजराइल की सेना ने शुक्रवार को कहा कि सात अक्टूबर को मारे गए तीन और बंधकों के शव रात को गाजा से बरामद किए गए। सेना ने बताया कि हनान याब्लोंका, मिशेल निसेनबॉम और ओरियन हर्नांदेज के शव मिल गए हैं और उनके परिवारों को सूचित कर दिया गया है। सेना के मुताबिक हमास द्वारा इजराइल पर हमले की शुरुआत वाले दिन मेफालिज्म चौराहे पर एक हमले में तीनों मारे गए थे और उनके शव गाजा ले जाए गए थे। सेना ने करीब एक हफ्ते पहले ही कहा था कि उसे सात अक्टूबर को मारे गए तीन अन्य इजराइली बंधकों के शव मिले हैं।

### भारतीय-अमेरिकी सांसद के प्रतिद्वंद्वी अयोग्य घोषित

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद श्री थानेदार के प्रतिनिधि सभा के चुनाव अभियान में बड़ी बढ़त मिली है क्योंकि उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी एडम हॉलियर को मतदाताओं के वैध हस्ताक्षरों की जरूरी संख्या नहीं होने के चलते प्राइमरी की दौड़ के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है। वेन काउंटी क्लर्क कैथी गैरेट ने इस सप्ताह थानेदार को लिखे एक पत्र में कहा, ''मैं कर्मचारियों की सिफारिश को मानते हुए इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि नामांकन अर्जियों की कम संख्या होने की वजह से एडम हॉलियर का नाम अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में 13वें जिले के लिए 6 अगस्त 2024 को होने वाले प्राइमरी के मतपत्र में शामिल नहीं किया जा सकता।'

### 11 लाख के गांजे के साथ चार गिरफ्तार

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में चार लोगों के पास से करीब 11 लाख रुपये कीमत का गांजा बरामद कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पेल्हार पुलिस की एक टीम ने बुधवार को सोपारा फाटा के पास एक पुरुष और एक महिला को पकड़ा तथा उनके पास से 25 किलोग्राम गांजा जब्त किया। उसी दिन, एक गश्ती दल ने तुंगर फाटा में 24 किलोग्राम गांजा के साथ दो लोगों को पकड़ा। पुलिस उपायुक्त जयंत बाजबले ने बताया कि कुल मिलाकर, लगभग 11 लाख रुपये मूल्य का 49 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया और चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## बांग्लादेशी सांसद की हत्या में नए खुलासे, हनीट्रैप का शिकार हुए थे

# मर्डर के बाद हत्यारे ने चमड़ी तक निकाल ली, फिर टुकड़े-टुकड़े किए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता आए थे। वे अपने दोस्त गोपाल बिस्वास के साथ रह रहे थे, लेकिन कुछ दिनों बाद वे लापता हो गए। उन्हें आखिरी बार बंगाल की राजधानी के बाहरी इलाके न्यू टाउन में एक हाई-एंड अपार्टमेंट कॉम्पलेक्स में देखा गया था। यहां पर उनकी हत्या हुई थी। फिर हत्या के बाद हत्यारे ने चमड़ी तक निकाल ली, फिर टुकड़े-टुकड़े किए। अब इस मामले में यह पता चला है कि वह हनीट्रैप का शिकार हुए थे। उन्हें एक महिला अपने जाल में फंसाकर उस फ्लैट में लाई थी, जहां पर उनकी हत्या हुई थी। शिलास्ती रहमान नाम की लड़की को ढाका की पुलिस ने हिरासत में लिया है। वह सांसद के दोस्त अख्तरुज्जान की प्रेमिका है। सांसद के साथ फ्लैट के अंदर गई थी और उसके साथ जो 2 आदमी थे, वे कॉन्ट्रैक्ट किलर्स थे। कोलकाता के एक पुलिसकर्मी ने ढाका से जानकारी देते हुए बताया कि जांच से पता चलता है कि सांसद हनी ट्रैप में फंस गए थे।

*अब इस मामले में यह पता चला है कि वह हनीट्रैप का शिकार हुए थे। उन्हें एक महिला अपने जाल में फंसाकर उस फ्लैट में लाई थी, जहां पर उनकी हत्या हुई थी।*

*कोलकाता की पुलिस ने सुबह जिहाद हवलदार को अरेस्ट करके एक बड़ी सफलता हासिल की*



### चार लोग हत्या में शामिल

*बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता आए थे। वे अपने दोस्त गोपाल बिस्वास के साथ रह रहे थे, लेकिन कुछ दिनों बाद वे लापता हो गए। उन्हें आखिरी बार बंगाल की राजधानी के बाहरी इलाके न्यू टाउन में एक हाई-एंड अपार्टमेंट कॉम्पलेक्स में देखा गया था। यहां पर उनकी हत्या हुई थी। अब इस मामले में यह पता चला है कि वह हनीट्रैप का शिकार हुए थे। उन्हें एक महिला अपने जाल में फंहनीट्रैप में फंसे सांसद अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी फुटेज में अनार एक महिला के साथ फ्लैट में एंट्री करते हुए नजर आ रहे हैं। इस बीच शिलास्ती रहमान की भूमिका की जांच में चाहे कुछ भी निकले। कोलकाता की पुलिस ने सुबह जिहाद हवलदार को अरेस्ट करके एक बड़ी सफलता हासिल की है।*

### लड़की को ढाका पुलिस ने लिया हिरासत में

शिलास्ती रहमान नाम की लड़की को ढाका की पुलिस ने हिरासत में लिया है। वह सांसद के दोस्त अख्तरुज्जान की प्रेमिका है। सीसीटीवी में वहीं सांसद के साथ फ्लैट के अंदर गई थी और उसके साथ जो 2 आदमी थे, वे कॉन्ट्रैक्ट किलर्स थे। कोलकाता के एक पुलिसकर्मी ने ढाका से जानकारी देते हुए बताया कि जांच से पता चलता है कि सांसद हनी ट्रैप में फंस गए थे। ऐसा लगता है कि उन्हें महिला ने बहकाया था। हमें शक है कि फ्लैट पर जाने के तुरंत बाद उनकी हत्या कर दी गई।

## केजरीवाल के पूर्व पीए बिभव कुमार की बढ़ी मुश्किलें

# तीस हजारी कोर्ट ने मारपीट के आरोप में 4 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी मामले में मुख्य आरोपी बिभव कुमार को दिल्ली की अदालत ने 28 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आज उनकी पुलिस कस्टडी की अवधि खत्म हो रही थी, जिस कारण उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। दिल्ली पुलिस ने तीस हजारी कोर्ट से 4 दिन की न्यायिक हिरासत मांगी थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। सरकारी वकील ने कोर्ट में दलील दी कि पुलिस रिमांड के लिए हमारे पास 14 दिन की समयसीमा है।

### मैंने कभी नहीं कहा गाड़ी नहीं लूंगा, घर नहीं लूंगा



एक और इंटरव्यू में अरविंद केजरीवाल ने दो टूक कह दिया है कि उनकी तरफ से कभी भी ऐसा दावा नहीं हुआ कि वे गाड़ी नहीं मांगेंगे या फिर घर नहीं लेंगे।उन्होंने दो टूक कहा कि उनकी बातों को बढ़ा चढ़ाकर दिखाया गया है। उन्होंने कभी भी ऐसा नहीं कहा था कि घर की जरूरत नहीं पड़ेगी, उनके मुताबिक कोई भी मुख्यमंत्री बिना घर के काम कैसे कर सकता है। अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि जब उनके पास कोई भी मुद्दा नहीं होता, तब इस तरह के मुद्दों को हवा देने का काम किया जाता है।

# एनडीए के दीक्षांत समारोह में 17 विदेशियों समेत 205 कैडेटों को मिली स्नातक की उपाधि

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के 146वें पाठ्यक्रम का दीक्षांत समारोह गुरुवार (23 मई) को पुणे स्थित एनडीए के हबीबुल्लाह हॉल में आयोजित किया गया। कुल 205 कैडेटों को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से प्रतिष्ठित स्नातक की डिग्री प्रदान की गई। इस दीक्षांत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति और शिमला स्थित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति (अतिरिक्त प्रभार) प्रोफेसर (डॉ.) सत प्रकाश बंसल थे।




### संगीतमय आरोहण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

इस कार्यक्रम में बसंत सत्र (स्प्रिंग टर्म)- 2024 की शैक्षणिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में कैडेटों ने साहसी और निडर घुड़सवारी प्रदर्शन के साथ सभी को मंत्रमुग्ध और आश्चर्यचकित कर दिया। इसके अतिरक्त एनडीए के कैडेटों ने एक समकालिक त्रि-सेवा आक्रमण डेमो करके संयुक्त कौशल का प्रदर्शन किया। इसके बाद विशिष्ट आकाश गंगा टीम ने साहसी और लुभावनी स्काई डाइविंग प्रदर्शन किया। वहीं, कैडेटों ने अपने शारीरिक प्रशिक्षण मानकों को एक अच्छी तरह से सिंक्रनाइज और उत्साहजनक क्रम में प्रदर्शित किया, जिसमें रस्सी कूदने के व्यायाम और जिमनास्टिक युद्धाभ्यास शामिल थे।

### 82 कैडेटों को विज्ञान में मिली डिग्री

कुल 82 कैडेटों को विज्ञान विषय में, 84 कैडेटों को कंप्यूटर विज्ञान विषय में और 39 कैडेटों को कला विषय में डिग्री प्रदान की गई। साथ ही, दीक्षांत समारोह के दौरान मित्र विदेशी देशों के 17 कैडेटों को भी डिग्री प्रदान की गई। इसके अलावा नौसेना और वायु सेना के 132 कैडेटों ने बीटेक विषय में भी 'तीन साल के पाठ्यक्रम' का प्रमाणपत्र प्राप्त किया। इन नौसेना और वायु सेना कैडेटों को उनके संबंधित प्री-कमीशन प्रशिक्षण अकादमिक संस्थानों-एझिमाला स्थित भारतीय नौसेना अकादमी और हैदराबाद के वायु सेना अकादमी में एक साल का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद डिग्री प्रदान की जाएगी।

## इस खौफनाक हत्याकांड ने बॉलीवुड को हिला दिया

# लैला खान हत्या मामले में कोर्ट ने पिता परवेज को सुनाई फांसी की सजा

एजेंसी ⏭ मुंबई

मुंबई की सत्र अदालत ने 2011 में चर्चित अभिनेत्री लैला खान और पांच अन्य की हत्या के मामले में सौतेले पिता परवेज टाक को फांसी की सजा सुनाई है। जबकि सबूत मिटाने के लिए कठोर कारावास की सजा दी गई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सचिन पवार ने नौ मई को टाक को हत्या और सबूतों को नष्ट करने के अलावा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत अन्य अपराधों का दोषी पाया था। इस पर फैसला शुक्रवार को सुनाया गया कि दोषी को क्या सजा दी जाएगी।



### लैला, मां और उनके चार भाई-बहनों की हुई थी हत्या

*अभिनेत्री लैला, उनकी मां और उनके चार भाई-बहनों की साल 2011 के फरवरी में महाराष्ट्र के नासिक जिले के इगतपुरी में हत्या कर दी गई थी। परवेज टाक लैला की मां सेलिना का तीसरा पति था। लैला, उनकी मां और उनके चार भाई-बहनों की फरवरी 2011 में महाराष्ट्र के नासिक जिले के इगतपुरी स्थित उनके बंगले में हत्या कर दी गई थी। गुमशुदगी की शिकायत लैला के पिता नादिर पटेल ने दर्ज करवाई थी।*

### कैसे दबोचा गया था परवेज टाक

*परवेज ने छह शवों को फार्महाउस के स्विमिंग पूल के गड्ढे में मिट्टी डालकर और गद्दों के नीचे दबा दिया था पुलिस से बचने और सबूत छिपाने के लिए परवेज ने छह शवों को फार्महाउस के स्विमिंग पूल के गड्ढे में मिट्टी डालकर और गद्दों के नीचे दबा दिया था। ओशिवारा पुलिस स्टेशन में 4 जुलाई 2012 को ये मामला दर्ज किया गया था। जिसे बाद में अपराध शाखा की यूनिट 8 को जांच दे दी गई। यूनिट 8 के प्रमुख वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दीपक फटांगरे के नेतृत्व में जांच शुरू की गई और आरोपी परवेज टाक को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ से पुलिस पकड़कर मुंबई ले आई।*

### फार्महाउस में बेरहमी से सभी का कत्ल कर दिया

*सरकारी पक्ष ने कोर्ट से आरोपी को मौत की सजा देने की मांग की थी। सरकारी पक्ष का दावा है कि यह बेहद ही दुर्लभ मामला है और 2012 में सामने आए इस खौफनाक हत्याकांड ने बॉलीवुड जगत समेत पूरे भारत में सनसनी फैला दी थी। पुलिस के मुताबिक साल 2011 में आरोपी और सौतेले पिता परवेज टाक लैला खान, उसकी मां सेलिना, जुड़वां भाई-बहन जारा और इमरान, बड़ी बहन आफरीन पटेल और भतीजी रेशमा खान को इगतपुरी के एक फार्महाउस में ले गया। और वहां बेरहमी से उन सभी का कत्ल कर दिया।*

## इस महीने के शुरुआत में टल गई थी लॉन्चिंग

# सुनीता विलियम्स तीसरी बार अंतरिक्ष में जाने के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की अंतरिक्षयात्री सुनीता विलियम्स एक बार फिर अंतरिक्ष की उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। सुनीता बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष में जाएंगी। बोइंग के स्टारलाइनर की लॉन्चिंग 1 जून से 5 जून के बीच हो सकती है। पहले ये अंतरिक्षयान इस महीने की शुरुआत में लॉन्च होने वाला था, लेकिन तकनीकी खराबी की वजह से यह लॉन्चिंग टल गई थी। सुनीता विलियम्स 41 साल की उम्र में पहली बार साल 2006 में नासा के एक्सपेडिशन-14 के तहत अंतरिक्ष में गईं थी, वहां उन्होंने चार बार स्पेस वॉक भी किया। इसके बाद वे 2012 में नासा के ही एक्सपेडिशन-33 मिशन के तहत दूसरी बार अंतरिक्ष में गईं। सुनीता अंतरिक्ष में कुल 322 दिन गुजार चुकी हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने एक बयान में कहा है नासा, बोइंग और यूनाइटेड लॉन्च अलायंस के मिशन मैनेजर्स बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्षयान की लॉन्चिंग की समीक्षा कर रहे हैं।



**ACB (INDIA) LIMITED**

**Requirement of Chemist/ Jr Chemist in Coal Washrey in Chhattisgarh Region**

**ACB (India) Limited** has setup various Thermal Power Plants in Chhattisgarh. Currently, it has around 1400 MW installed capacity. Apart from this, Company has diversified business including in coal washries established in Chattisgrah state.

We are on a lookout for Chemist and Jr Chemist positions for our coal washreis:

**Desired Profile:- Chemist**
- Should hold B.Sc. degree in Chemistry
- Should have a minimum experience 05 years in coal washreies

**Desired Profile:- Jr. Chemist**
Should hold B.Sc. degree in Chemistry
Should have 0 to 2 years' experience in coal washreis.

Interested candidate may apply and send their resume in **HR. RHQ@acbinida.com** latest within one week.

**Public Works Department**
**Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)**

**E-Procurement Tender Notice**
**E-mail: tenders-pwd.cg@gov.in**

NIT No.003/TC/EinC/ PWD/2024-25 Dated 20.05.2024

**The Engineer-in-Chief, Public Works Department** on behalf of **Governor of Chhattisgarh** invites **percentage rate bids** on electronic tendering system under **RCPLWE RRP-III** in the district of **Kanker, A.Chowki -Mohla-Manpur, Bijapur** for construction of **07 Bridges** with estimated cost amounting **Rs 1631.87 Lacs** including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in **https://eproc.cgstate.gov.in**. Bids form will be available on the website from 21.05.2024 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 06.06.2024

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid onine to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to **Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, NirmanBhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur Atal Nagar (C.G.) 492-002** as per provisions of bid document through **Speed/ Registered post**, failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works **Departmenthttp://pwd.cg.nic.in**

**Chief Engineer**
**(Central Tender Cell)**
**Office of Engineer-In-Chief**
**P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)**

G-242500067/3

# राबड़ी देवी का बॉडीगार्ड किया गया सस्पेंड

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार के सारण लोकसभी सीट से चुनाव लड़ रही लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के सुरक्षाकर्मी के दुरुपयोग के मामले में बॉडीगार्ड जितेंद्र सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। सरकारी सुरक्षाकर्मी जितेंद्र सिंह को राबड़ी देवी की बेटी और सारण से आरजेडी उम्मीदवार रोहिणी आचार्य के साथ चुनाव के दिन सारण जाने के मामले में सस्पेंड किया गया है। सारण के एसपी से रिपोर्ट मिलने के बाद पटना के एसएसपी राजीव मिश्रा ने जितेंद्र सिंह के खिलाफ ये कार्रवाई की है। सम्राट चौधरी ने कल ही बॉडीगार्ड के दुरूपयोग को लेकर सवाल खड़ा किया था।

**चुनाव के दिन रोहिणी के साथ घूम रहा था**

### राबड़ी देवी के आवास पहुंची स्पेशल टीम

*इस मामले में बिहार पुलिस की एक स्पेशल टीम ने गुरुवार को राबड़ी देवी के 10 सर्कुलर आवास पहुंचकर जानकारी ली थी। हालांकि इस दौरान पुलिस टीम ने आवास के बाहर पुलिस बैरक में ही राबड़ी देवी की सुरक्षा में तैनात बॉडीगाड्र्स के रोस्टर की जानकारी ली थी। इस दौरान वीडियो फुटेज के आधार पर उन बॉडीगाड्र्स की पहचान की गई जो सारण चुनाव के दिन रोहिणी आचार्य के साथ वहां घूम रहे थे। पुलिस की विशेष टीम राबड़ी आवास पहुंची थी लेकिन अंदर नहीं गई थी। बाहर ही पुलिस बैरक से जानकारी लेकर वापस लौट गई थी।*

# बलिया में नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 25 साल की सजा

एजेंसी ⏭ बलिया (उप्र)



बलिया की एक स्थानीय अदालत ने नाबालिग के साथ बलात्कार कर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक करने के जुर्म में एक व्यक्ति को 25 साल कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष ने शुक्रवार को बताया कि विशेष न्यायाधीश प्रथमकांत की अदालत ने बृहस्पतिवार को मामले में दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद आरोपी विकास पासी को दोषी करार देते हुए उसे 25 वर्ष कारावास और 30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

**संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क भोपाल**
**(तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मध्यप्रदेश के अंतर्गत)**

Ph. +91-9981919733 | Website : www.globalskillspark.in |
e-mail : admission.gsp.@mp.gov.in

दिनांक -25/05/2024

**प्रवेश सूचना**

संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क भोपाल के 04 पाठ्यक्रमों में सत्र 2024 में प्रवेश हेतु विज्ञापन दिनांक 14/03/24 तथा 19/05/24 को समाचारपत्रों में जारी किया गया है जिसमें सामान्य/ओबीसी श्रेणी में आवेदकों को प्रवेश पात्रता हेतु संबन्धित ट्रेड अथवा ब्रांच की अर्हकारी परीक्षा में न्यूनतम 65% अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य था। प्रवेश के इच्छुक आवेदकों को सूचित किया जाता है कि सभी श्रेणी के आवेदकों को संबन्धित ट्रेड अथवा ब्रांच में केवल उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा अकों का कोई बंधन नहीं है। प्रवेश मेरिट के आधार पर होगा। अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट www.globalskillspark.in देखें।

जी-11120/24
दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

**IN THE COURT OF HONORABLE JUDGE SHRI H.P. Mehta SIR Court No. 06**
**-: PUBLIC SUMMONS :-**
**IN THE COURT OF COMMERCIAL COURT AT CITY CIVIL COURT OF AHMEDABAD**
**COMMERCIAL CIVIL SUIT NO. 767 /2022 Exh. 14**

Plaintiff: **Wisdom Marketing,** A Proprietorship Firm, acting through its Proprietor Zarna Ashutosh Bhatt, Having address - A/9, Navkruti Flats, Behind Tagore Park, Nehrunagar, S.M. Road, Ahmedabad

V/s.

Defendant: **Asquare Food & Beverages Private Limited,** having Registered Office at A 418, Atlanta Estate, 4th Floor, Near Virvani Goregaun East, Mumbai-400063 Its Plant at **Asquare Food & Beverages Privated Limited** having address at Urla Industrial Area, Canal Road, Gondwara, Raipur 493221 (Chattisgarh) Through its Director Mr. Akash Agrawal

**SUIT VALUED AT RS. 4,10,177/-**

WHEREAS you the defendant is/are hereby informed that the summons issued against you by this court through bailiff and/or Register post.ad has returned unserved subsequently, and as your current whereabouts are unknown, hence in the consequences court ordered this summons is published.

Whereas Plaintiff above named has instituted a suit relating to a commercial dispute against you and you are hereby summonsed to file a written statement within 30 days of the service of the present summons and in case you fail to file the written statement within the said period of 30 days, you shall be allowed to the file the written statement on such other days, as may be specified by the court, for reasons to be recorded in writing and on payment of such costs as the court deems fit, but which shall not be later than 120 days from the date of services of summons. On expiry of one hundred and twenty days from the date of services of summons you shall forfeit the right to file the written statement and the court shall not allow the written statement to be taken on record.

You are required to appear in this Court in person, or by a pleader duly instructed, and able to answer all the material questions relating to suit, or who shall be accompanied by some person able to answer all such questions, on the **19 day of June of 2024** at 11-00 O'Clock in the fore noon, to answer the claim lodged by the applicant seeking interim injunction as prayed and further you are hereby to produce on the said day all documents in your possession or power upon which you base your defense or claim for set-off or counter-claim, and where you rely on any other document whether in your possession or power or not, as evidence in support or you defense or claim for set-off, or counter-claim you shall enter such documents in list to be annexed to the written statement.

Take notice that, in default of your appearance on the day before mentioned the suit will be heard and determined in your absence Witness Shri Ahmedabad aforesaid, Plaintiff's advocate - P. N. Pandya.

GIVEN under my hand and seal of the Court, 2nd day May of 2024.

**C. M. Mahida** Prepared by Assistant
**G. B. Khambholva** Compared by Bench Clerk Grade-I
COURT SEAL
**H. S. DESAI** Registrar, **City Civil Court, Bhadra, Ahmedabad**



# वेलकम टू द जंगल में जैकी श्रॉफ की एंट्री

**मुंबई।** अक्षय कुमार स्टारर फिल्म वेलकम टू द जंगल से एक्टर संजय दत्त के बाहर होने की खबर ने फैंस को निराश कर दिया था। बताया गया कि एक्टर ने कुछ दिन की शूटिंग करने के बाद इस फिल्म से हटने का फैसला लिया। अब इस फिल्म की कास्ट और कहानी में बड़ा बदलाव किया गया है। संजय दत्त के बाहर होने के बाद जैकी श्रॉफ की एंट्री हुई है। लेकिन एक्टर की संजू बाबा की जगह नहीं लाया गया है और न ही एक्टर उनका वाला किरदार निभाएंगे। कहानी में भी हुआ है बड़ा बदलाव। वेलकम 3 की शूटिंग पिछले कुछ समय से चल रही थी, बिहाइंड द सीन वीडियोज भी वायरल हुए थे।

लाइफ Style

# जाह्नवी

## साथ काम करने मांगी थी मन्नत

जाह्नवी कपूर ने साल 2018 में फिल्म धड़क से बॉलीवुड डेब्यू किया था। फिल्म को कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था। हालांकि इसके बाद जाह्नवी ने कई फिल्में कीं और इस इंडस्ट्री में अपनी खास जगह बनाई है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

2018 से लेकर अब तक जाह्नवी ने 7 फिल्में की हैं और अब उनकी 8वीं फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही रिलीज होने वाली है। यह फिल्म क्रिकेट पर आधारित है और इसमें जाह्नवी के साथ राजकुमार राव लीड रोल में हैं। जाह्नवी फिल्म का जोर-शोर से प्रमोशन कर रही हैं और इसी दौरान एक इंटरव्यू में जाह्नवी ने बताया कि पंकज त्रिपाठी के साथ काम करने के लिए उन्होंने मन्नत मांगी थी।

दरअसल, जाह्नवी से पूछा गया कि क्या कोई ऐसा है जिससे वह मिलना चाहती थीं या जिससे कभी नहीं मिलना चाहती हों तो इस पर जाह्नवी ने कहा कि मैं पंकज त्रिपाठी जी से के साथ काम करना चाहती थी। उनके साथ काम करने का मेरा सपना था। मैं पागलों की तरह बिहेव करती थी क्योंकि मैं उनकी बहुत बड़ी फैन थी और अब भी हूं। मैंने मन्नत ली थी कि वह मेरी फिल्म गुंजन सक्सेना को करने के लिए हां कह दें। इतना ही नहीं मैं तो शाकाहारी भी बन गई थी। बता दें कि गुंजन द सक्सेना फिल्म में पंकज ने जाह्नवी के पापा का किरदार निभाया था। फिल्म में वह जाह्नवी को पूरा सपोर्ट करते दिखे हैं। वहीं कई इंटरव्यूज में दोनों ने एक-दूसरे के काम की तारीफ की है। जाह्नवी के बाकी प्रोजेक्ट्स की बात करें तो उनके पास और भी कई बड़ी और दिलचस्प फिल्म है।




हॉलीवुड मसाला



# कोर्ट ने एंजेलिना से मांगा जवाब

**लॉस एंजिलिस।** एंजलिना जोली और ब्रैड पिट कभी हॉलीवुड के सबसे पसंदीदा कपल्स में से एक थे। मगर अब दोनों विवादों के चलते सुर्खियों में रहते हैं। दोनों के बीच बच्चों की कस्टडी के अलावा फ्रेंच वाइनयार्ड को लेकर भी विवाद चल रहा है। कुछ साल पहले एंजेलिना ने फ्रेंच वाइनयार्ड से अपना हिस्सा बेच दिया था। अब उन्हें ब्रैड पिट के साथ सभी एनडीए पेश करने का आदेश दिया गया है। पिछले आठ साल से एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट के बीच 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर की फ्रांसीसी वाइनरी, चेटो मिरावल के स्वामित्व पर चल रहे विवाद में एक नया मोड़ आ गया है।



# मासूम वैकना बना 'स्ट्रैंजर थिंग्स' का शैतान

**लॉस एंजिलिस।** डफर ब्रदर्स की निर्मित साई-फाई, हॉरर और मिस्ट्री ड्रामा 'स्ट्रेंजर्स थिंग्स' सबसे पॉपुलर वेब सीरीज में से एक है। इसके चार सीजंस आ चुके हैं, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे दूसरी दुनिया के राक्षस धरती पर आकर हॉकिंस का जीना हराम करते हैं। 'स्ट्रेंजर थिंग्स' की कहानी हॉकिन्स शहर होता है, जहां अजीबोगरीब घटना होती है। हॉकिन्स में दो पैरलल दुनिया है। धरती पर दूसरी दुनिया से राक्षस आ रहे हैं। तीसरे सीजन तक, इलेवन इंडियाना ग्रुप के साथ मिलकर दूसरी दुनिया से आये राक्षसों का खात्मा करती है और उन्हें में हो रहे बच्चों संग एक्सपेरिमेंट का खुलासा करती है। इलेवन भी उसी लैब से भागकर आती है। चौथे सीजन में उसका सामना सबसे खतरनाक राक्षस का सामना होता है, जिसका नाम वैक्ना है।



# लुक्स के लिए करते ही हैं ट्रोल : अलाया

**मुंबई।** बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा अलाया एफ इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। वे राजकुमार राव के साथ फिल्म 'श्रीकांत' में नजर आ रही हैं। दर्शकों को इस फिल्म में उनका किरदार काफी पसंद आ रहा है। इस फिल्म से पहले वे अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में भी अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी हैं। वहीं हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अलाया ने अपनी निजी जिंदगी और बॉलीवुड से जुड़े कई अनुभवों को दर्शकों के संग साझा किया है। अलाया एफ फिल्मों में अभिनय के अलावा अपने बेबाक अंदाज के लिए भी मशहूर हैं। वे अपनी मां पूजा बेदी की तरह ही अपनी बातों को बेझिझक रखना जानती हैं। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान अलाया एफ ने कहा, 'लोगों को चैन नहीं है। वे आपके लुक्स के लिए आपको ट्रोल करेंगे।




# सिंघम अवतार देख फैंस हुए पागल

**मुंबई।** रोहित शेट्टी के डायरेक्शन में बन रही फिल्म सिंघम अगेन साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। फैंस भी रोहित शेट्टी की फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन में अजय देवगन का लुक शेयर किया है। अजय देवगन की जो तस्वीर रोहित शेट्टी ने शेयर की है उसमें वो बहुत इंटेस नजर आ रहे हैं। रोहित शेट्टी ने जो तस्वीर शेयर की उसमें अजय देवगन जम्मू-कश्मीर पुलिस की गाड़ियों और कंमाडोज के साथ पोज करते नजर आ रहे हैं। अजय देवगन ने भी अपने इंस्टाग्राम पर अपने सिंघम अवतार की तस्वीर शेयर की है। उन्होंने कैप्शन में लिखा- ऑन ड्यूटी अगेन, अजय देवन का सिंघम अवतार देख फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है। वो फिल्म को लेकर बहुत से कमेंट्स कर रहे हैं।

टीवी मसाला



# कीकू शारदा नहीं लाएंगे खुद का शो कपिल के शो में मिलती है इज्जत

मुंबई। कपिल शर्मा इस वक्त अपनी पूरी टीम के साथ नेटफ्लिक्स पर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के साथ दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं।सुनील ग्रोवर से लेकर चंदन प्रभाकर और सुमोना चक्रवर्ती उनके कॉमेडी शो को पास्ट में बीच में छोड़कर जा चुके हैं। हालांकि, एक इंसान जो इस शो से लगातार जुड़ा हुआ है, वो हैं कीकू शारदा। हाल ही में कीकू शारदा ने बताया कि इतना कमाने के बावजूद भी वह कभी कपिल शर्मा का साथ छोड़कर खुद का शो क्यों नहीं शुरू करते हैं। एक साक्षात्कार में कीकू ने कहा, मेरे मन में कपिल के लिए इज्जत है। यह बात सच है कि मुझे भी कई लोग कहते हैं कि आप अपना शो क्यों नहीं शुरू करते हैं। लेकिन मैं जानता हूं कि 10-15 मिनट के एक्ट के लिए मुझे कितनी मेहनत करनी पड़ती है। कपिल एक से डेढ़ घंटे वह मेहमानों से बात करते हैं। वह जो काम करते हैं, वह उतना आसान नहीं है, जितना दिखाई देता है। कई बार ऐसा हुआ है कि जब मैं स्टेज पर परफॉर्म करता हूं, तो वह सोफे के पीछे जाकर खड़े हो जाते हैं।

# मसाला कारोबार की जंग में सोनी चैनल का नया प्रयोग

**मुंबई।** ओटीटी के आने के बाद से अपनी धार खोता जा रहा छोटा परदा इन दिनों प्रयोगों के समंदर में तैरते रहने के लिए नई कोशिशें करता दिख रहा है। सास-बहू जैसे धारावाहिकों से इतर हो रहे इन प्रयोगों की नई कड़ी है, सोनी चैनल का नया धारावाहिक 'पुकार - दिल से दिल तक'। राजस्थान की पृष्ठभूमि पर बना यह शो परिवार के संबंधों की परतों को खोलता है और एक स्त्री के जीवन के संघर्षों के कुछ नए मानक प्रदर्शित करने की कोशिश करता है। अभिषेक निगम, सायली सालुंखे, अनुष्का मर्चेंड, सुमुखी पेंडसे और सुखदा खांडकेकर जैसे कलाकारों ने इस धारावाहिक के मुख्य किरदार निभाए हैं। सायली सालुंखे ने धारावाहिक 'पुकार - दिल से दिल तक' में वेदिका का किरदार निभाया है। उनके मुताबिक, 'अपनी मां वाली छवि को तोड़ने के लिए मैंने इस शो को हां कहा था। इस शो में मैं एक ऐसी भूमिका निभा रही हूं, जो न्याय की गहरी भावना रखने वाली एक नेक, स्वतंत्र वकील है। वह हमेशा सही काम करने की कोशिश करती है।




# माधवन ने अनिल कपूर को किया रिप्लेस

**मुंबई।** अजय देवगन, तब्बू और रकुल प्रीत सिंह स्टारर फिल्म दे दे प्यार दे ने ऑडियंस को एंटरटेन किया था। फिल्म में उम्र के फर्क को पार करते हुए एक अनोखी लव स्टोरी दिखाई गई जिसके सीक्वल की चर्चा लंबे समय से चल रही है। हमने आपको जानकारी दी थी कि दे दे प्यार दे 2 में अनिल कपूर नज़र आ सकते हैं। फिल्म में एक्टर रकुल के पिता और अजय देवगन के ससुर के किरदार में दिखेंगे। लेकिन अब ताजा रिपोर्ट्स के अनुसार झक्कास अनिल कपूर इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। उन्हें शैतान एक्टर आर माधवन ने रिप्लेस किया है।अनिल कपूर को दे दे प्यार दे 2 की कहानी इतनी शानदार लगी थी कि एक्टर ने सुनते ही फिल्म के लिए हां बोल दिया था। उन्हें अजय देवगन के होने वाले ससुर के किरदार में देखना भी मज़ेदार होता। लेकिन अब रिपोर्ट के मुताबिक आर माधवन ये किरदार निभाने वाले हैं। वो अभी तक के सभी किरदारों से हटकर रकुल के पिता और अजय के ससुर के किरदार में दिखेंगे।



# 17 साल बाद प्रीति जिंटा ने कॉन्स के रेड कारपेट पर दिखाया जलवा



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रीति जिंटा उन अभिनेत्रियों में से रहीं है, जिनकी एक्टिंग ही नहीं बल्कि फैंस उनकी खूबसूरती के भी दीवाने रहे। प्रीति की डिंपल वाली स्माइल पर आज भी फैंस अपना दिल हार बैठते हैं। प्रीति बीते लंबे वक्त से एक्टिंग से दूरी हैं। प्रीति जिंटा ने 17 सालों के बाद कॉन्स में कमबैक किया है। इस दौरान प्रीति का लुक बेहद चर्चा में बना हुआ है। कॉन्स के अपने फर्स्ट लुक से प्रीति ने हर किसी का दिल जीता है। रेड कारपेट का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में प्रीति व्हाइट शिमरी गाउन पहने नजर दिख रही हैं, जिसमें वो बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं। इस ड्रेस के साथ प्रीति ने हाई बन बनाया है जो उनके लुक को और भी खूबसूरत बना रहा है। वीडियो में प्रीति समंदर किनारे पोज देती दिख रही हैं। इस वीडियो को उनके एक फैन क्लब ने शेयर किया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है।

# आबू धाबी के हिंदू मंदिर में दर्शन करने पहुंचे रजनीकांत



**मुंबई।** सुपरस्टार रजनीकांत ने हाल ही में आबू धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर के दर्शन किए। अभिनेता की तस्वीरें बीएपीएस हिंदू मंदिर के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर साझा की गई हैं। इनमें वे मंदिर प्रांगण में नजर आ रहे हैं। पूजा अर्चना कर अभिनेता ने भगवान का आशीर्वाद लिया। मालूम हो कि इस बीच रजनीकांत को यूएई के संस्कृति और पर्यटन विभाग की तरफ से गोल्डन वीजा दिया गया है। बीएपीएस हिंदू मंदिर के आधिकारिक एक्स अकाउंट से रजनीकांत की फोटो और वीडियो साझा की गई हैं, जिनमें वे मंदिर परिसर में नजर आ रहे हैं। मंदिर ने कैप्शन में लिखा है, 'लोकप्रिय भारतीय अभिनेता रजनीकांत आबू धाबी मंदिर आए'। रजनीकांत ब्लैक ट्राउडर और व्हाइट टीशर्ट में नजर आ रहे हैं। मालूम हो कि आबू धाबी के इस मंदिर का उद्घाटन फरवरी 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था।

# रिलीज से पहले कई वर्षों तक कानूनी पचड़े में फंसी फिल्में

*मुंबई। भारत में सिनेमा को पसंद करने वालों लोगों की संख्या काफी ज्यादा हैं। यही वजह है कि भारत में हर साल हजारों फिल्में बनती हैं। इस दौरान कई फिल्में एडिटिंग टेबल से उतर कर आसानी से सीधा सिनेमाघरों में पहुंच जाती हैं। वहीं, कुछ फिल्मों को सिनेमाघरों में पहुंचने से पहले कई पापड़ बेलने पड़ते हैं। अक्सर फिल्मों को लेकर विवाद देखने को मिलता रहता है। कई ऐसी भी फिल्में रही हैं, जो कानूनी पचड़े में फंस कर कई वर्षों तक रिलीज ही नहीं हो पाईं। आज हम बात करेंगे ऐसी ही उन फिल्मों के बारे में, जो रिलीज से पहले ही कानूनी पचड़े में फंस गईं।*




## 'जॉली एलएलबी 3'

'जॉली एलएलबी' काफी पसंद की जाने वाली फ्रेंचाईजी बन चुकी है। इसके पहले भाग 'जॉली एलएलबी' को दर्शकों से काफी प्यार मिला था। अब तीसरी कड़ी 'जॉली एलएलबी 3' की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। हालांकि, शूटिंग शुरू होते ही फिल्म कानूनी पचड़े में फंसती नजर आ रही है। अजमेर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रभान सिंह राठौड़ ने निर्माताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उनकी शिकायत में दावा किया गया है कि फिल्म न्यायप्रणाली का मजाक बनाती है।

## 'कुली'

सुपरस्टार रजनीकांत की आगामी फिल्म 'कुली' काफी चर्चा बटोर रही है। अभिनेता के फैंस बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। यह एक एक्शन एंटरटेनर होगी। फिल्म का निर्देशन लोकेश कनकराज कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म रिलीज होने से पहले ही कानूनी पचड़े में फंसते नजर आ रही है। मीडिया में ऐसी रिपोर्ट्स आई थी कि देश के दिग्गज संगीतकार इलैयाराजा ने उनके संगीत के अनाधिकृत उपयोग पर मेकर्स को लीगल नोटिस भेजा है।






## 'केरला स्टोरी'

साल 2023 में रिलीज हुई इस फिल्म को लेकर काफी विवाद हुआ था। इस फिल्म में अदा शर्मा, योगिता बिहानी, सोनिया बलानी आदि अहम भूमिकाओं में नजर आई थीं। फिल्म का निर्देशन सुदीप्तो सेन ने किया था। वहीं, विपुल अमृतलाल शाह फिल्म के निर्माता थे। फिल्म में दिखाया गया है कि केरल में गैर मुस्लिम महिलाओं को इस्लाम में धर्मांतरण करने के लिए मजबूर किया जाता है। फिल्म के ट्रेलर रिलीज के बाद से ही इसे लगातार विरोध झेलना पड़ा।

## 'पद्मावत'

यह एक भारतीय ऐतिहासिक फिल्म है, जिसका निर्देशन संजय लीला भंसाली द्वारा किया गया है। फिल्म में मुख्य भूमिका में रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और शाहिद कपूर नजर आए थे। फिल्म में चितौड़ की प्रसिद्ध राजपूत रानी पद्मिनी के बारे में बताया गया था। इस फिल्म में अलाउद्दीन खिलजी को रानी पद्मिनी के आकर्षण में चितौड़गढ़ पर आक्रमण करता दिखाया गया है। फिल्म को लेकर काफी विवाद हुआ था। फिल्म की शूटिंग के दौरान भी कुछ लोगों द्वारा निर्देशक से मारपीट तथा सेट पर तोड़फोड़ करने की खबरें आई थीं।



**खबर संक्षेप**

## इंडियन ओवरसीज बैंक 88 नई शाखाएं खोलेगा




**चेन्नई।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक की चालू वित्त वर्ष 2024-25 में समूचे भारत में 88 नई शाखाएं स्थापित करने की योजना है। बैंक ने अपने विस्तार अभियान के तहत हाल ही में नागापट्टिनम में एक नई शाखा और पड़ोसी पुडुचेरी में 126वें एटीएम का उद्घाटन किया है।

## अशोक लेलैंड का शुद्ध लाभ 17 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली अशोक लेलैंड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 16.73 प्रतिशत बढ़कर 933.69 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कि वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 799.87 करोड़ रुपये था।

## पोको की दो साल में एक करोड़ स्मार्टफोन बेचने की योजना




**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन विनिर्माता पोको की दो साल में एक करोड़ मोबाइल फोन बेचने की योजना है। इस तरह वह देश की शीर्ष पांच स्मार्टफोन कंपनियों में अपनी जगह बनाना चाहती है। पोको इंडिया के प्रमुख हिमांशु टंडन ने एक कार्यक्रम में कहा कि कंपनी ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार के लिए महत्वाकांक्षी योजना बनाई है।

# जेएलआर भारत में रेंज रोवर, रेंज रोवर स्पोर्ट का करेगी उत्पादन

एजेंसी ⏭ मुंबई

जगुआर लैंड रोवर भारत में अपनी रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट का उत्पादन शुरू करेगी। इनके 54 साल के लंबे इतिहास में पहली बार ब्रिटेन के बाहर इन प्रतिष्ठित मॉडल का उत्पादन किया जाएगा।

जगुआर लैंड रोवर का स्वामित्व टाटा मोटर्स के पास है। अभी तक इन दोनों मॉडल का उत्पादन केवल ब्रिटेन में जगुआर लैंड रोवर के सोलिहुल संयंत्र में किया जाता है और वहां से इनका भारत सहित वैश्विक स्तर पर करीब 121 बाजारों में निर्यात किया जाता है। स्थानीय उत्पादन के साथ दोनों मॉडल की कीमत 18-22 प्रतिशत तक कम होना तय है।

**पहली बार ब्रिटेन से बाहर इन मॉडल का उत्पादन, कीमतों में 22 प्रतिशत तक की गिरावट तय**

### भारत में खुदरा बिक्री 81 फीसदी बढ़ी

यह हमारे लिए एक बड़ी घोषणा है क्योंकि ये हमारी प्रमुख वाहन हैं और इनके 54 साल के इतिहास में इनका उत्पादन केवल सोलिहुल में किया जाता रहा है। जेएलआर इंडिया की पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में खुदरा बिक्री 81 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,436 इकाई रही थी।




### आगे का सफर बेहतरीन होगा

चंद्रशेखरन ने कहा कि इस कदम से कंपनी को भविष्य में देश में बिक्री में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। चंद्रशेखरन ने कहा, 'अधिक बिक्री होगी, मुझे विश्वास है कि आगे का सफर बेहतरीन होगा।' उन्होंने कहा कि यहां इसके विनिर्माण से संकेत मिलता है कंपनी को इस बाजार में कितना विश्वास है।

### कंपनी के लिए एक बड़ा कदम

जेएलआर इंडिया के प्रबंध निदेशक राजन अंबा ने कहा कि देश में ग्राहकों के व्यापक वर्ग के वास्ते दोनों मॉडल तक पहुंच सुलभ बनाने के लिए स्थानीय उत्पादन कंपनी के लिए एक बड़ा कदम है। अंबा ने कहा, कंपनी के इतिहास में पहली बार रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट का उत्पादन अब भारत में किया जाएगा।

### जेएलआर ब्रांड लाने रतन टाटा की सराहना

टाटा समूह के चेयरमैन एन.चंद्रशेखरन ने 15 साल पहले टाटा परिवार में जेएलआर ब्रांड लाने के लिए टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा की सराहना की। उन्होंने कहा, ' ..रेंज रोवर का विनिर्माण यहीं भारत में किया जाएगा, यह एक शानदार एहसास है..यह एक बहुत ही खास पल है और इस पर मुझे गर्व महसूस हो रहा है।'

## अर्थशास्त्री पिकेटी की अगुवाई में तैयार शोधपत्र में दिया गया सुझाव

# भारत में बढ़ती असमानता दूर करने के लिए अमीरों पर लगे कर: शोधपत्र

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*भारत में बढ़ती असमानता को दूर करने के लिए 10 करोड़ रुपये से अधिक की शुद्ध संपत्ति पर दो प्रतिशत कर और 33 प्रतिशत विरासत कर लगाने की जरूरत है। अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी की अगुवाई में तैयार एक शोध-पत्र में यह सुझाव दिया गया है।*

शोध-पत्र में धन वितरण के शीर्ष पर बड़े पैमाने पर व्याप्त संकेंद्रण से निपटने और महत्वपूर्ण सामाजिक क्षेत्र में निवेश के लिए मूल्यवान राजकोषीय गुंजाइश बनाने के लिए धनाढ्य लोगों पर एक व्यापक कर पैकेज का प्रस्ताव रखा गया है।

### 99.96 फीसदी वयस्कों को कर से अप्रभावित रखना होगा

भारत में अत्यधिक असमानताओं से निपटने के लिए संपत्ति कर पैकेज के प्रस्ताव शीर्षक वाला शोध-पत्र के मुताबिक, '99.96 प्रतिशत वयस्कों को कर से अप्रभावित रखते हुए असाधारण रूप से बड़े कर राजस्व में वृद्धि की जानी चाहिए।'

### कर लगाने से जीडीपी में 2.73 फीसदी का योगदान होगा

इसमें कहा गया है, आधारभूत स्थिति में 10 करोड़ रुपये से अधिक की शुद्ध संपत्ति पर दो प्रतिशत वार्षिक कर और 10 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति पर 33 प्रतिशत विरासत कर लगाने से मिलने वाला राजस्व सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 2.73 प्रतिशत का बड़ा योगदान देगा।

### सार्वजनिक खर्च को दोगुना करना होगा

शोध-पत्र में कहा गया है कि कराधान प्रस्ताव के साथ गरीबों, निचली जातियों और मध्यम वर्ग को समर्थन देने के लिए स्पष्ट पुनर्वितरण नीतियों की जरूरत है। इस प्रस्ताव के मुताबिक, आधारभूत परिस्थिति में शिक्षा पर वर्तमान सार्वजनिक खर्च को लगभग दोगुना करने की संभावना बनेगी।



*करााधान प्रस्ताव पर बहस की जरूरत : यह शोध-पत्र कराधान प्रस्ताव पर बड़े पैमाने पर बहस की जरूरत बताते हुए कहता है कि कर न्याय और धन पुनर्वितरण पर व्यापक लोकतांत्रिक बहस से आम सहमति बनाने में मदद मिलेगी।*

- 10 करोड़ से अधिक की संपत्ति पर दो प्रतिशत कर लगाने की जरूरत
- अमीरों पर 33 प्रतिशत विरासत कर लगाने की आवश्यकता
- धनाढ्य लोगों पर एक व्यापक कर पैकेज का प्रस्ताव रखा गया

### भारत में आर्थिक असमानताएं ऐतिहासिक ऊंचाई पर

इसके पहले जारी 'भारत में आय और संपत्ति असमानता 1922-2023' रिपोर्ट भी कहती है कि भारत में आर्थिक असमानताएं ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। इसमें कहा गया है कि इन चरम असमानताओं और सामाजिक अन्याय के साथ उनके घनिष्ठ संबंध को अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

### 2000 के दशक से भारत में असमानता बढ़ती जा रही


रिपोर्ट के लेखकों ने 20 मार्च को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा था कि 2000 के दशक की शुरुआत से भारत में असमानता लगातार बढ़ती जा रही है। वर्ष 2022-23 में देश की शीर्ष एक प्रतिशत आबादी की आय और संपत्ति में हिस्सेदारी क्रमशः 22.6 प्रतिशत और 40.1 प्रतिशत तक पहुंच गई थी।

### एक फीसदी आबादी की आय में ऊंची हिस्सेदारी

यह शोध-पत्र कहता है, 'वित्त वर्ष 2022-23 में शीर्ष एक प्रतिशत आबादी की आय और संपत्ति में ऊंची हिस्सेदारी अपने उच्चतम ऐतिहासिक स्तर पर रही और यह अनुपात दुनिया में सबसे अधिक है, यहां तक कि दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और अमेरिका से भी अधिक है।'

# जी ने विलय रद्द करने सोनी से नौ करोड़ डॉलर शुल्क मांगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- भारतीय रुपए में यह राशी 748 .7 करोड़ होती है
- सोनी पिक्चर्स अब कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट हो गया

जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज ने 10 अरब अमेरिकी डॉलर के विलय सौदे को रद्द करने के लिए सोनी समूह से नौ कराडे. अमेरिकी डॉलर (करीब 748.7 करोड़ रुपये) के समाप्ति शुल्क की मांग की है।

जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जील) ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने सोनी समूह की दो संस्थाओं सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) और बांग्ला एंटरटेनमेंट (बीईपीएल) से समाप्ति शुल्क मांगा है। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया को अब कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट के नाम से जाना जाता है। विलय सहयोग समझौते (एमसीए) के तहत कल्वर मैक्स और बीईपीएल के उल्लंघनों के कारण जील ने 23 मई 2024 को एक पत्र जारी करके एमसीए को समाप्त कर दिया है। कंपनी ने एमसीए के प्रावधानों के तहत कल्वर मैक्स और बीईपीएल से समाप्ति शुल्क मांगा है। जील ने कहा, ' एमसीए के तहत कल्वर मैक्स और बीईपीएल अपने दायित्वों को पूरा करने में विफल रहे हैं। इसलिए कंपनी ने एमसीए को समाप्त कर दिया है और कल्वर मैक्स तथा बीईपीएल को समाप्ति शुल्क का भुगतान करने को कहा है जो एमसीए के तहत नौ करोड़ अमेरिकी डॉलर के बैठता है।'

### जील ने विलय शर्तों को पूरा नहीं किया

इससे पहले 22 जनवरी 2024 को सोनी ग्रुप कॉरपोरेशन (एसजीसी) ने कहा था कि जील ने विलय की शर्तों को पूरा नहीं किया और सिंगापुर इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर (एसआईएसी) के समक्ष मध्यस्थता कार्यवाही शुरू की तथा समाप्ति शुल्क के रूप में नौ करोड़ अमरीकी डॉलर का दावा किया था।

### सोनी ने अंतरिम राहत से किया इंकार

जील ने एसआईएसी के समक्ष इसका विरोध किया था। एसआईएसी ने भारतीय प्रसारक के खिलाफ सोनी समूह को कोई भी अंतरिम राहत से इनकार कर दिया। जील और एसपीएनआई ने 22 दिसंबर 2021 को विलय के लिए एक समझौता किया था।

**बिजनेस साइट**

## आइसेक्ट छत्तीसगढ़ के साथ पूरे देश में युवाओं को उद्यमी बनाने का कार्य कर रहा : बृजमोहन

- विकसित भारत बनाने के लिए छत्तीसगढ़ को विकसित बनाना होगा

**रायपुर।** विकसित भारत में कौशल विकास, वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक उद्यमिता की भूमिका विषय पर दो दिवसीय कांक्लेव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आईसेक्ट एवं एनएसडीसी भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है। दो दिनों तक आईसेक्ट के युवा उद्यमियों एवं कियोस्क संचालक को बैंकिंग और डिजिटल ट्रांजैक्शन में कार्य और इसमें संभावनाओं के बारे में विस्तार से अनेक जानकारियां दी जाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, कि विकसित भारत बनाने के लिए सबसे पहले छत्तीसगढ़ को विकसित बनाना होगा। तभी हम विकसित भारत का सपना साकार कर पाएंगे। आज छत्तीसगढ़ को डिजिटल छत्तीसगढ़, विकसित छत्तीसगढ़, समृद्ध छत्तीसगढ़ ,संपन्न छत्तीसगढ़ बनाने की जरूरत है। इस अवसर पर पूर्व विधायक देव जी भाई पटेल ने कहा कि पूरे देश में डॉ. सीवी




रमन विश्वविद्यालय का नाम अग्रणी रूप में लिया जाता है। छत्तीसगढ़ में शिक्षा और रोजगार देने के लिए यह संस्थान एक आदर्श रूप में कार्य कर रहा है।

### छत्तीसगढ़ मे ऊर्जावान उद्यमीः सिद्धार्थ चतुर्वेद

कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि आइसेक्ट के वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ बहुत ही ऊर्जावान राज्य है, और यहां के उद्यमियों में यह ऊर्जा साफ नजर आती है, उन्होंने बताया कि हम 4 करोड लोगों तक काम के माध्यम से पहुंचते हैं।

## आईबी ग्रुप एशिया की टॉप-5 पोल्ट्री कंपनी में शामिल

**नांदगांव।** अमेरिका की एविएजन ब्रीड कंपनी जो जेनेटिक ब्रीडिंग का काम करती है जैसे पोल्ट्री, फीश, श्रीम्प, डेयरी एवं अन्य एनिमल ब्रीडिंग। यह विश्व की नंबर-1 कंपनी है जिसका विश्व मार्केट में लगभग 72% शेयर है। वर्ष-2014 में आईबी ग्रुप, एविएजन ब्रीड कंपनी के साथ मिलकर भारत में 10000 पोल्ट्री जी.पी. लेकर पोल्ट्री व्यवसाय चालू किया था। एविएजन कंपनी के एमडी डिर्क वेसजोहन, सीईओ जेन हेनरिक्सन के सहयोग एवं उनके मार्गदर्शन से आईबी ग्रुप कार्य कर रहा है जिसके कारण आईबी ग्रुप का नाम आज एशिया के टॉप-5 कंपनी में शामिल हो गया है। इसके लिए उनके सीईओ एवं एमडी ने अपने प्रतिनिधि पीटर फ़िशर को भेजकर, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है साथ ही उन्होंने आगे भविष्य में कार्य करने की और सहयोग देने का आश्वासन दिया है। आईबी ग्रुप




एविएजन के इस सहयोग के कारण अगले पांच वर्षों में 25% प्रतिवर्ष ग्रोथ का आश्वासन एविएजन को दिया है। आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर के मुताबिक इस उपलब्धि से आने-वाले समय मे गाँव-गाँव के छोटे किसानों के पोल्ट्री फार्मों को फायदा पहुंचेगा जो देश के ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में देश की बहुत मदद करेगा।

आज भारत जो प्रोटिन डेफिसीट के नाम से जाना जाता है। आने वाले कुछ समय में गाँव-गाँव के हर व्यक्ति के घर तक चिकन प्रोटीन पहुंचाने का लक्ष्य आई. बी. ग्रुप ने रखा है।

GO COLORS!
APPAREL GROUP
EXCEED EXPECTATIONS EVERYDAY

## गो कलर्स ने अपैरल ग्रुप के साथ की साझेदारी

**चेन्नई।** भारत में महिलाओं के ब्रांडेड बॉटम वियर की सुप्रसिद्ध कंपनी गो कलर्स ने ग्लोबल फैशन एवं लाइफस्टाइल खुदरा बाजार में अग्रणी कंपनी अपैरल ग्रुप के साथ पंचवर्षीय फ्रैन्चाइजी सहमति की घोषणा की है।

यह साझेदारी समस्त खाड़ी देशों में गो कलर्स के विस्तार हेतु एक महत्वपूर्ण कदम होगा जो संयुक्त अरब अमीरात एवं सऊदी अरब में 13 नये भंडार केन्द्रों को प्रारंभ कर रहा है।

## बीपीसीएल ने मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हाइड्रेंट सुविधा का किया उद्घाटन

**हरिभूमि न्यूज. मुंबई/गोवा।** एक महारत्न और भारत का दूसरा सबसे बड़ा सरकारी स्वामित्व वाला डाउनस्ट्रीम तेल उत्पादक भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने उत्तरी गोवा में 'नव स्थापित मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा में अत्याधुनिक हाइड्रेंट सुविधाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बीपीसीएल के निदेशक (मार्केटिंग) सुखमल जैन, कंवरबीर सिंह कालरा और बीपीसीएल और जीजीआईएएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थिति रहें। इस अवसर पर बीपीसीएल के निदेशक सुखमल जैन ने कहा कि मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इन अत्याधुनिक हाइड्रेंट सुविधाओं



का उद्घाटन भारत में विमानन बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस रणनीतिक विस्तार का उद्देश्य बढ़ती ईंधन भरने की मांगों को पूरा करना और निर्बाध संचालन सुनिश्चित करना है। बीपीसीएल अग्रणी प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है जो विमानन क्षेत्र की मजबूत वृद्धि का समर्थन करती है, दक्षता, सुरक्षा और ग्राहक संतुष्टि के प्रति हमारे समर्पण को मजबूत करती है। 6 एकड़ भूमि में फैले, हाइड्रेंट ईंधन फार्म की भंडारण क्षमता 8,270 किलोलीटर है। हाइड्रेंट प्रणाली में भूमिगत पाइपलाइनों का एक जटिल नेटवर्क शामिल है जो हवाई अड्डे के 13 विमान पार्किंग से निर्बाध रूप से जुड़ता है।

## हिंडाल्को निकल और कोबाल्ट खदानों के लिए बोली लगाएगी

- महाराष्ट्र और कर्नाटक में है दो ब्लाक
- कंपनी विदेशों में भी ब्लाक की तलाश कर रही



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने शुक्रवार को कहा कि वह महाराष्ट्र और कर्नाटक में दो निकेल-कोबाल्ट खनिज ब्लॉक के लिए बोली लगाने की प्रक्रिया में है।

हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक सतीश पई ने पत्रकारों को बताया कि कंपनी विदेशों में किसी भी महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की तलाश नहीं कर रही है, क्योंकि भारत में बिक्री के लिए बहुत सारे ब्लॉक रखे गए हैं। उन्होंने कहा, ''हम दो निकेल कोबाल्ट खदानों के लिए बोली लगा रहे हैं।'' तांबा, लिथियम, निकेल, कोबाल्ट और दुर्लभ खनिज जैसे महत्वपूर्ण खनिजों की मांग तेजी से बढ़ रही है, जो स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के लिए जरूरी घटक हैं। पई ने कहा, हम उन नीलामियों में भाग ले रहे हैं। हमारा मानना है कि भारत में कुछ अच्छी खदानें हैं, जिनकी संभावनाएं तलाशी नहीं गई हैं। सरकार निकेल-कोबाल्ट खदानें, लिथियम खदानें, तांबे की खदानें बिक्री के लिए ला रही है। हम विदेश जाने से ज्यादा भारत पर ध्यान केंद्रित करने जा रहे हैं।


पई ने कहा कि कंपनी ने लिथियम ब्लॉक के लिए बोली लगाई थी, लेकिन उसे यह नहीं मिला।

### हिंडाल्को बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी

पई ने कहा कि कंपनी किसी भी कोयला ब्लॉक के लिए बोली नहीं लगाएगी क्योंकि वह आगे नवीकरणीय ऊर्जा में विस्तार करेगी। सरकार ने महत्वपूर्ण खनिजों के 38 ब्लॉकों की नीलामी शुरू कर दी है। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख धातु कंपनी है।

## सोने में गिरावट जारी, 900 रुपए टूटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- सोना लगातार तीसरे दिन घटकर 72650 रुपए प्रति दस ग्राम

वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच शुक्रवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और यह 900 रुपये टूटकर 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र बृहस्पतिवार को सोना 1,050 रुपये की गिरावट के साथ 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को रुपये में 50 रुपये की मामूली गिरावट आई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार सोने में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही।

उम्मीद से अधिक मजबूत अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों के बाद सोने में गिरावट आई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व लंबे समय के लिए ब्याज दर को ऊंचा रखेगा। इस बीच, चांदी की कीमत 500 रुपये की गिरावट के साथ 92,100 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 92,600 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''विदेशी बाजारों से नरमी के संकेत के बीच दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें 900 रुपये की गिरावट के साथ 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही।'

### वैश्विक बाजार में भी सोने में गिरावट

अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,340 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 35 डॉलर कम है। चांदी भी गिरावट के साथ 30.45 डॉलर प्रति औंस पर रही।

## सुजलॉन का शुद्ध लाभ घटकर 254 करोड़

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी सुजलॉन का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ करीब 21 प्रतिशत घटकर 254 करोड़ रुपये रहा। 2022-23 की चौथी (मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 320 करोड़ रुपये था। कुल आय बढ़कर 2,207.43 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,699.96 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में एकीकृत शुद्ध लाभ घटकर 660 करोड़ रुपये रहा। यह वित्त वर्ष 2022-23 में 2,887 करोड़ रुपये था।

## सिट्रोएन ने धोनी को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** वाहन बनाने वाली फ्रांस की सिट्रोएन ने भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को देश में अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। धोनी जल्द एक अभियान के जरिए सिट्रोएन के साथ नजर आएंगे। सिट्रोएन इंडिया के ब्रांड निदेशक शिशिर मिश्रा ने कहा, 'हमारा मानना है कि भारत के बेहतरीन क्रिकेटरों में से एक धोनी का हमारे साथ जुड़ना भारतीय बाजार में हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करने में काफी मददगार साबित होगा।

# अदाणी पोर्ट्स को विप्रो की जगह सेंसेक्स में शामिल किया गया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- एसएंडपी डाओ जोंस इंडाइसेज ने शुक्रवार को ये फैसला लिया
- इंडेक्स में शामिल होने वाली समूह की पहली कंपनी




देश के दूसरे सबसे अमीर उद्योगपति गौतम अदाणी की अदाणी समूह के लिए खुशखबरी है। ग्रुप की पोर्ट्स से जुड़ी कंपनी अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड को बीएसई सेंसेक्स में शामिल करने का फैसला लिया गया है। अदाणी पोर्ट्स ने सेंसेक्स में आईटी सेक्टर की दिग्गज विप्रो की जगह ली। 24 जून, 2024 को अदाणी पोर्ट्स सेंसेक्स के टॉप 30 शेयरों में विप्रो की जगह शामिल की गई।

एसएंडपी डाओ जोंस इंडाइसेज ने शुक्रवार को ये फैसला लिया है कि 24 जनवरी 2024 से विप्रो की जगह अदाणी पोर्ट्स 30 शेयरों वाले इंडेक्स सेंसेक्स में शामिल होगी। अदाणी समूह की स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स पहली कंपनी है जिसे सेंसेक्स में शामिल किया जा रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी 50 में अदाणी एंटरप्राइजेज और अदाणी पोर्ट्स दोनों ही शामिल है।

### अदाणी पोर्ट्स में आएगा निवेश!

पहले इस बात के कयास लगाये जा रहे थे कि अदाणी समूह की फ्लैगशिप कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज को सेंसेक्स में शामिल किया जाएगा लेकिन एसएंडपी डाओ जोंस इंडाइसेज ने अदाणी पोर्ट्स को सेंसेक्स के टॉप 30 शेयरों में जगह देने का फैसला किया है। अदाणी पोर्ट्स के स्टॉक में पैसिव फंड के निवेश से स्टॉक में नया जोश आ सकता है।

### हिंडनबर्ग एपिसोड के बाद 260 फीसदी चढ़ा स्टॉक

शुक्रवार 24 मई 2024 के कारोबारी सत्र में अदाणी पोर्ट्स का स्टॉक 1.89 रुपए की गिरावट के साथ 1416 रुपए पर क्लोज हुआ है। लेकिन बीते साल जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के खुलासे के बाद अदाणी पोर्ट्स का शेयर 3 फ़रवरी 2023 को 395 रुपए के लेवल तक जा फिसला था. लेकिन उस लेवल से स्टॉक ने निवेशकों को जोरदार रिटर्न दिया है। 15 महीनों में स्टॉक ने अपने निवेशकों को 258 फीसदी का रिटर्न दिया है। आज के क्लोजिंग प्राइस के हिसाब से अदाणी पोर्ट्स का मार्केट कैप 305,897 करोड़ रुपए है।

### कुछ इंडेक्स में शामिल तो कुछ बाहर

कुछ और इंडेक्सों में बदलाव किया गया है। जैसे सेंसेक्स 50 में टाटा समूह की ट्रेंट को डिविज लैब की जगह शामिल किया गया है। बीएसई 100 में आरईसी, एचडीएफसी एएमसी, कमिंस, केनरा बैंक और पीएनबी को शामिल किया है. पेज इंडस्ट्रीज, एसबीआई कार्ड्स, जुबिलेंट फूडवर्क्स, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, जी एंटरटेनमेंट को इंडेक्स से बाहर कर दिया गया है।

# बीसीसीआई ने किसी ऑस्ट्रेलियाई को नहीं दिया कोच पद का ऑफर: जय शाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल जून 2024 में पूरा होने जा रहा है और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने नए हेड कोच की तलाश भी शुरू कर दी है। बीसीसीआई ने नए हेड कोच पद के लिए आवेदन मंगाना शुरू कर दिया है। बीसीसीआई सेक्रेटरी जय शाह ने कहा था कि इस बार विदेशी कोच को भी यह पद मिल सकता है। इसके बाद से मीडिया में अलग-अलग नाम को लेकर चर्चा होने लगी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग, जस्टिन लैंगर, न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफेन फ्लेमिंग और गौतम गंभीर से बीसीसीआई ने कोच पद को लेकर संपर्क किया है। रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर ने भारतीय हेड कोच के पद को लेने से खुलेआम मना भी कर दिया, जिसके बाद जय शाह ने साफ किया है कि किसी भी ऑस्ट्रेलियाई से इस पद के लिए ना उन्होंने और ना ही बीसीसीआई के किसी अधिकारी ने संपर्क किया है।



### भारतीय क्रिकेट की समझ वाले की खोज

जय शाह ने एक बयान में कहा, 'भारतीय क्रिकेट टीम के लिए सही कोच चुनना काफी लंबा-चौड़ा प्रोसेस है। हम ऐसे लोगों को देख रहे हैं, जिन्हें इंडियन क्रिकेट स्ट्रक्चर की एकदम सही समझ है। यह जरूरी है कि नए हेड कोच को भारतीय डोमेस्टिक क्रिकेट की पूरी समझ हो और वह इंडियन टीम को और आगे तक लेकर जाए।'

### छोड़नी होगी आईपीएल

इंडियन प्रीमियर लीग में रिकी पोंटिंग दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े हुए हैं, जस्टिन लैंगर लखनऊ सुपर जायन्ट्स के साथ जुड़े हुए हैं और स्टीफन फ्लेमिंग चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ जुड़े हुए हैं। इसके अलावा गौतम गंभीर की बात करें तो वो कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटॉर हैं। जो भी भारतीय हेड कोच बनेगा, उसे आईपीएल फ्रेंचाइजी टीम का साथ छोड़ना होगा।



### पोंटिंग-लैंगर ने दिया था बयान

रिकी पोंटिंग ने हाल में आईसीसी को दिए इंटरव्यू में कहा था कि आईपीएल के दौरान कुछ वन ऑन वन चर्चा हुई थी ये जानने के लिए क्या मैं यह रोल लेने के लिए तैयार हूं। पोंटिंग और लैंगर दोनों ने अलग-अलग वजह देकर भारतीय हेड कोच पद लेने से मना किया है। हालांकि जय शाह के हिसाब से इनसे कभी बीसीसीआई ने संपर्क किया ही नहीं है।

### लैंगर ने राहुल की सलाह के बाद कोच बनने का इरादा त्यागा

*आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर जस्टिन लैंगर भारत का मुख्य कोच बनने की संभावना पर विचार कर रहे थे लेकिन इससे जुड़े 'दबाव और राजनीति' को लेकर केएल राहुल की सलाह के बाद उन्होंने यह ख्याल जेहन से निकाल दिया। लखनऊ सुपर जाइंट्स आईपीएल टीम के मुख्य कोच लैंगर ने कहा, 'यह शानदार काम होगा। मैं आस्ट्रेलियाई टीम के साथ चार साल कोच रह चुका हूं लेकिन यह काफी थकाऊ होता है। लेकिन किसी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। मैं केएल राहुल से बात कर रहा था तो उसने कहा कि आईपीएल टीम में अगर आपको दबाव और राजनीति लगती है तो उसका हजारों गुना भारतीय टीम की कोचिंग में होता है। यह अच्छी सलाह थी। यह पद आकर्षक है लेकिन अभी मेरे लिए नहीं।'*

## आईपीएल

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
741 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



हर्षल पटेल
24 विकेट
पंजाब

## बाउंड्री मीटर

2156 चौके

1251 छक्के

### सिंधू अंतिम-4 में पहुंची अष्मिता हारकर बाहर

कुआलालंपुर। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त हान युइ को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने छठी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को 55 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 21-13, 14-21, 21-12 से हराया। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू का सामना अब इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वरदानी या थाईलैंड की बुसानन ओंगामरूंगफान से होगा। अन्य मुकाबलों में अष्मिता चालिहा को क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त झांग यि मैन ने 21-10, 21-15 से हराया।

**आईपीएल**
**सनराइजर्स का कल कोलकाता से होगा खिताबी मुकाबला**

# हैदराबाद की 36 रन से शाही जीत राजस्थान रॉयल्स का सफर समाप्त

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे क्वालीफायर में शुक्रवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 36 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। सनराइजर्स के 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम सात विकेट पर 139 रन ही बना सकी। सनराइजर्स की ओर से शाहबाज ने 23 रन देकर तीन जबकि अभिषेक ने 24 रन देकर दो विकेट चटकाए। हैदराबाद की टीम 2018 के बाद कभी खिताबी मैच में प्रवेश नहीं किया था और अब छह साल बाद वह फाइनल खेलने उतरेगी।

सनराइजर्स ने इससे पहले क्लासेन (50 रन) के अर्धशतक से नौ विकेट पर 175 रन बनाए। क्लासेन ने सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (34) के साथ चौथे विकेट के लिए 42 और शाहबाज (18) के साथ सातवें विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी भी की। राहुल त्रिपाठी ने भी (37) उपयोगी पारी खेली। रॉयल्स की ओर से आवेश खान (तीन विकेट) और ट्रेंट बोल्ट (तीन विकेट) ने तीन-तीन विकेट चटकाए जबकि संदीप शर्मा (25 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट हासिल किए। फाइनल रविवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा।



### तीसरी बार खेलेगी फाइनल

*हैदराबाद की टीम तीसरी बार फाइनल में पहुंची है। इससे पहले वह 2016 और 2018 सीजन के भी फाइनल में पहुंची थी। 2016 के सीजन में तो हैदराबाद चैंपियन भी रही थी। अब फाइनल मुकाबले में 26 मई, रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। कोलकाता की टीम ने क्वालिफायर-1 में हैदराबाद को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।*

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड का अश्विन बो संदीप | 34 | 28 | 3 | 1 |
| अभिषेक का कैडमोर बो बोल्ट | 12 | 05 | 1 | 1 |
| त्रिपाठी का चहल बो बोल्ट | 37 | 15 | 5 | 2 |
| मार्कराम का चहल बो बोल्ट | 01 | 02 | 0 | 0 |
| हेनरिक क्लासेन बो संदीप | 50 | 34 | 0 | 4 |
| रेड्डी का चहल बो आवेश | 05 | 10 | 0 | 0 |
| अब्दुल समद बो आवेश | 00 | 01 | 0 | 0 |
| शाहबाज का जुरेल बो आवेश | 18 | 18 | 0 | 1 |
| पैट कमिंस नाबाद | 05 | 05 | 1 | 0 |
| उनादकट रन आउट | 05 | 02 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 175/9
गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-45-3, अश्विन 4-0-43-0, संदीप 4-0-25-2, आवेश 4-0-27-3, चहल 4-0-34-0.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का समद बो शाहबाज | 42 | 21 | 4 | 3 |
| कैडमोर का त्रिपाठी बो कमिंस | 10 | 16 | 1 | 0 |
| सैमसन का मार्कराम बो अभिषेक | 10 | 11 | 1 | 0 |
| पराग का अभिषेक बो शाहबाज | 06 | 10 | 0 | 0 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 56 | 35 | 7 | 2 |
| अश्विन का क्लासेन बो शाहबाज | 00 | 03 | 0 | 0 |
| शिमरोन हेटमायर बो अभिषेक | 04 | 10 | 0 | 0 |
| पावेल का अभिषेक बो नटराजन | 06 | 12 | 0 | 0 |
| ट्रेंट बोल्ट नाबाद | 00 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 139/7
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 3-0-33-0, कमिंस 4-0-30-1, नटराजन 3-0-13-1 , उनादकट 1-0-5-0, शाहबाज 4-0-23-3, अभिषेक 4-0-24-2, मार्कराम 1-0-10-0.

**तीरंदाजी विश्व कप**

# भारतीय मिश्रित टीम फाइनल में, अंतिम-4 में पहुंची दीपिका



एजेंसी ▶▶| येचियोन

ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश की जोड़ी तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में शुक्रवार को कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई जबकि दीपिका कुमारी ने शानदार वापसी करके व्यक्तिगत रिकर्व सेमीफाइनल में जगह बनाई।

कंपाउंड महिला टीम बुधवार को ही फाइनल में पहुंच गई थी। ज्योति, परनीत कौर और अदिति स्वामी ने भारत का पहला पदक पक्का कर दिया था। युवा कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे व्यक्तिगत वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।

विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने 16 तीरों में दो अंक ही गंवाते हुए मेजबान देश के हान सियुंगियोन और यांग जाएवोन को 158-157 से हराया। इससे पहले ज्योति और प्रियांश ने वियतनाम को 159-152 से हराया था। वहीं क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त मेक्सिको को 156-155 से मात दी। दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी कर रही दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका ने लगातार चार जीत दर्ज करके अंतिम चार में जगह बनाई। वह रिकर्व वर्ग में अकेली भारतीय बची हैं।






पुरानी रंजिश के चलते हुई हत्या, दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र की घटना

# मंत्री हत्याकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार, अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मंत्री हत्याकांड को लेकर पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। घटना में फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस है। घटना का खुलासा करते हुए एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि चार दिन पूर्व पचरी पारा दुर्ग निवासी श्रीराम उर्फ मंत्री यादव को पुरानी रंजिश के कारण अक्षत दुबे, अमिताभ दुबे उर्फ चंदू, शुभम शर्मा, वंश राजपूत ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिसके बाद वे फरार हो गए।

सूचना पर दुर्ग कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मंत्री को मृत घोषित कर दिया। पुलिस आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 12 बी, 341. 34 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी में जुटी रही। आरोपियों को पकड़ने के लिए एसीसीयू और कोतवाली प्रभारी महेश ध्रुव के नेतृत्व में टीम बनाई गई। पतासाजी में पुलिस को पता चला कि कादम्बरी नगर दुर्ग निवासी अक्षत दुबे मान्य, आदित्य

## एसपी ने किया खुलासा

नगर दुर्ग शुभम शर्मा, गया नगर वंश राजपूत को पुलिस ने पहले संदेह के आधार पर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने घटना को करना स्वीकार किया। आरोपी अक्षत दुबे ने पुलिस को बताया कि कुछ माह पूर्व मंत्री यादव ने आरोपी के चाचा हिस्ट्रीशीटर अजय दुबे के साथ मारपीट किया था। उक्त बात अजय दुबे ने अपने भतीजे अक्षत दुबे को बताया और उसे नहीं छोड़ने की बात भी उसे बता दिया। उसके बाद हिस्ट्रीशीटर अजय दुबे, अक्षत दुबे और चंदु दुबे मंत्री की हत्या करने ताक में रहते थे। इस दौरान अक्षत दुबे अपने साथियों के साथ घटनास्थल के आसपास घूम रहा था। तभी मंत्री यादव अपने साथियों के साथ शराब दुकान भठ्ठी के पास खड़ा था। मौका मिलते ही आरोपियों में चंदु दुबे, अक्षत, शुभम समेत अन्य मिलकर मंत्री को लेकर प्लान तैयार किया और उसकी हत्या कर दी। घटनास्थल के आसपास घेराबंदी कर मंत्री की हत्या कर मौके से सभी फरार हो गए। इस कार्रवाई में एएसपी सुखनंदन राठौर, रिचा मिश्रा, डीएसपी क्राइम हेमप्रकाश नायक, प्रभारी महेश ध्रुव समेत मौके पर पहुंचे।

### हिस्ट्रीशीटर की तलाश में पुलिस


मंत्री यादव हत्याकांड में शामिल अजय दुबे इस पूरे घटनाक्रम में प्लान तैयार कर युवकों को मंत्री की हत्या कर रास्ते से हटाने की बात सामने आई। पुलिस फरार अजय दुबे की तलाश में पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही है। अजय दुबे दुर्ग क्षेत्र का पुराना अपराधी है। इसके अलावा फरार आरोपियों के दोस्तों, परिजनों से भी पुलिस जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। आरोपियों से पुलिस ने दो बाइक, धारदार हथियार, कपड़ा को जब्त किया गया है।

# पर्यावरण प्रदूषण कम करने वैज्ञानिकों ने ढूंढ निकाला तरीका

**लंदन**। दुनियाभर में बढ़ता पर्यावरण प्रदूषण गंभीर चिंता का कारण बना हुआ है। बढ़ती ग्रीन हाउस गैसों को लेकर वैज्ञानिकों ने चिंता जाहिर करते हुए इसपर समय रहते रोक लगाने की अपील की है। कई अंतराष्ट्रीय सम्मेलनों में भी बढ़ते वायु

## जहरीला गैसों का कम हो जाएगा खतरा

प्रदूषण और वातावरण में बढ़ती गैसों को कम करने के लिए प्रयास करने पर जोर दिया गया है। इस दिशा में हाल ही में वैज्ञानिकों को बड़ी सफलता मिली है। हालिया अध्ययन में वैज्ञानिकों ने एक विशेष प्रकार के पोरस मैटेरियल को तैयार किया है, जो वातावरण में बढ़ते हानिकारक कार्बनडाई ऑक्साइड को कम कर सकता है।




# लंबे नाखूनों का रिकॉर्ड है इस महिला के नाम




**न्यूयार्क**। अमेरिका के मिनेसोटा की डायना आर्मस्ट्रांग को महिलाओं के अब तक के सबसे लंबे नाखूनों के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया। यदि उसके सभी 10 पंजों को एक कतार में रखा जाए तो उनकी कुल लंबाई 13 मीटर से अधिक मापी गई होगी। यह लंबाई तब की है जब उन्हें 2022 में यह सम्मान दिया गया था। आर्मस्ट्रांग ने 1997 में अपने नाखून काटना बंद कर दिया। उसके पंजे अब आसानी से फर्श तक पहुंच जाते हैं और वह नियमित रूप से उन्हें अलग-अलग रंगों में रंगती है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज ने आर्मस्ट्रांग की कहानी साझा करते हुए लिखा, 'डायना के नाखूनों की कुल लंबाई एक मानक पीली स्कूल बस से अधिक लंबी है! डायना 27 वर्षों से अधिक समय से अपने नाखून बढ़ा रही है!'

# दादी मां ने बताई केले पकाने की पुरानी तकनीक

**नई दिल्ली**। हमारे बुजुर्गों के पास कई उपाय ऐसे होते हैं जो ना केवल कारगर होता हैं, बल्कि सुरक्षित और एक तरह से प्राकृतिक भी रहते हैं। आज के समय में केला एक ऐसा फल है जिसकी जरूरत साल भर रहती है लेकिन केले हमेशा ही नहीं पकते हैं। बाजार में देखा जाता है कि पके केले रोज देखने को मिल जाते हैं। ऐसे में केले कैमिकल्स से पके होंगे यह आशंका गलत नहीं लगती है। लेकिन एक वायरल वीडियो में एक बुजुर्ग महिलना ने बताया कि कच्चे केले को कैसे दो दिन में ही अच्छे से पकाया जा सकता है और स्वाद भी पूरी तरह से प्राकृतिक रहता है। वीडियो में बताया गया है कि केले को बिना किसी कैमिकल्स के बहुत ही अच्छे से पकाया जा सकता है। केले को पेड़ पर ही पकने में समय लगता है। उनका गुच्छा निकलने से लेकर पूर्ण परिपक्वता और गुच्छों की कटाई तक 100-120 दिन का समय लगता है। वहीं पके केले को ज्यादा दिन सहेजा भी नहीं जा सकता है। जबकि कच्चे केले को हफ्तों तक रखा जा सकता है। वीडियो में दक्षिण भारतीय बुजुर्ग महिला ने बताया कि पहले कच्चे केले के लिए जमीन में उसे गाड़ने लायक गड्ढा खोदना है और फिर उसने केले रखने हैं। इसके बाद गड्ढे में थोड़े से केले के सूखे पत्ते आस पास लगाने हैं। फिर धुआं छोड़ते हुए कुछ कोयले रखने हैं, गड्ढे के बाकी हिस्से को भी अच्छे से ऊपर तक ढककर उस पर मिट्टी डालकर उसे दो दिन के लिए छोड़ देना है।












हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com